27 Mar -26 page 01 26-03-2026 10:11 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली।शुक्रवार 27 मार्च -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 93 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3






दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली। शुक्रवार 27 मार्च -2026 | वर्ष : 11 अंक : 93 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3







## पश्चिम एशिया संकट पर अलर्ट: पीएम मोदी आज करेंगे राज्यों के साथ बड़ी समीक्षा बैठक



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बातचीत करेंगे। इस बैठक में पश्चिम एशिया में बदलते हालात की समीक्षा की जाएगा और इसके भारत पर पड़ने वाले असर का आकलन किया जाएगा, खासकर तरल प्राकृतिक गैस (एलपीजी) और तेल आपूर्ति से मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

बैठक में तैयारियों पर फोकस किया जाएगा, जिसमें आपूर्ति श्रृंखला, उर्जा सुरक्षा और विदेश में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा जैसे मुद्दे शामिल हैं। प्रधानमंत्री बैठक में 'टीम इंडिया' की भावना के तहत सामूहिक प्रतिक्रिया के महत्व पर प्रकाश डाल सकते हैं, ताकि केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल बना रहे।

बैठक में वैश्विक अनिश्चितता के बीच देश में स्थिरता बनाए रखने के उपायों पर भी चर्चा हो सकती है। जिन राज्यों में फिलहाल चुनाव चल रहे हैं, वे आचार संहिता के कारण इस बैठक में शामिल नहीं होंगे। उनकी जगह कैबिनेट सचिवालय के जरिये उनके मुख्य सचिवों के साथ अलग से बैठक की जाएगी, ताकि योजनाओं और प्रतिक्रिया की प्रक्रिया जारी रहे। यह बैठक इसलिए भी अहम मानी जा रही है, क्योंकि भारत इस समय एलपीजी की कमी का सामना कर रहा है। इससे घरों में इस्तेमाल होने वाले इस जरूरी ईंधन की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। ईरान की ओर से अधिकांश देशों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य बंद किया गया है। हालांकि, भारत को इससे अलग रखा गया है।

इसके बावजूद यह चिंता बनी हुई है कि आने वाले समय में हालात और कठिन हो सकते हैं।

अधिकारियों ने बताया कि देश की रिफाइनरी अपनी पूरी क्षमता से भी अधिक पर काम कर रही हैं, जिससे पूरे देश में ईंधन की लगातार आपूर्ति बनी हुई है। भारत की कुल भंडारण क्षमता करीब 74 दिनों की खपत को पूरा कर सकती है। जबकि, वर्तमान भंडार करीब 60 दिनों के लिए पर्याप्त है, जिसमें रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार भी शामिल हैं।

### भारत के पास 60 दिन का ईंधन: सरकार

इससे पहले सरकार ने आज नागरिकों को आश्वस्त किया कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बावजूद कोई तात्कालिक खतरा नहीं है। सरकार ने बताया कि देश के पास 60 दिनों का ईंधन उपलब्ध है। लोगों से ईंधन की कमी से जुड़ी अटकलों पर ध्यान न देने की अपील की गई। सरकार ने पुष्टि की कि देश की उर्जा आपूर्ति स्थिर और अच्छी तरह प्रबंधित है और मौजूदा मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त भंडार मौजूद है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, कच्चे तेल की आपूर्ति अगले लगभग दो महीने के लिए पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल बाजार कंपनियों ने पहले से ही आयात की व्यवस्था कर ली है, जिससे आपूर्ति में निरंतरता बनी रहे। होर्मुज जलडमरूमध्य में बाधाओं के बावजूद भारत 40 से अधिक देशों से कच्चा तेल खरीद रहा है, जिससे किसी एक मार्ग या क्षेत्र पर निर्भरता कम हो जाती है।

## 6 लोगों को नई जिंदगी दे गए हरीश राणा मौत के बाद भी धड़कता रहेगा कईयों का जीवन

### अंतिम फैसले ने लिखी मानवता की मिसाल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कहते हैं इंसान अपने कर्मों से अमर होता है, और हरीश राणा ने इसे सच कर दिखाया। जिंदगी की आखिरी लड़ाई हारने के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी, बल्कि अपने अंगदान के जरिए 6 लोगों को नई जिंदगी देकर मानवता की एक ऐसी मिसाल कायम की, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

हरीश राणा की तबीयत अचानक बिगड़ने पर उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की हर संभव कोशिश के बावजूद उन्हें ब्रेन डेड घोषित करना पड़ा। यह वह स्थिति होती है, जब व्यक्ति की मस्तिष्क गतिविधियां पूरी तरह समाप्त हो जाती हैं और जीवन की उम्मीद लगभग खत्म हो जाती है।

इस बेहद दुखद घड़ी में हरीश राणा के परिजनों ने जो फैसला लिया, वही उन्हें खास बना गया। परिवार ने भारी दिल से अंगदान की अनुमति दी, ताकि किसी और की जिंदगी बचाई जा सके। यह निर्णय केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा बन गया।

### अंगदान से रोशन हुए 6 परिवारों के घर

#### दिल, किडनी, लीवर से मिली नई उम्मीद

**करंट क्राइम :** डॉक्टरों की टीम ने तत्परता दिखाते हुए हरीश राणा के अंगों को जरूरतमंद मरीजों तक पहुंचाया। उनके दिल, किडनी, लीवर समेत अन्य अंगों ने 6 अलग-अलग लोगों को नई जिंदगी दी। जिन घरों में मायूसी थी, वहां अब खुशियों ने दस्तक दी है। हरीश राणा की यह कहानी अंगदान के महत्व को गहराई से समझाती है। देश में आज भी हजारों मरीज अंग प्रत्यारोपण का इंतजार करते हैं, लेकिन जागरूकता की कमी के कारण कई जिंदगियां समय पर मदद नहीं मिलने से खत्म हो जाती हैं।

#### डॉक्टरों ने कहा- यह सबसे बड़ा महादान

**करंट क्राइम :** अस्पताल के चिकित्सकों ने हरीश राणा के परिवार के इस निर्णय को महादान बताया। उनका कहना है कि एक व्यक्ति का अंगदान कई लोगों को नया जीवन दे सकता है और समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। हरीश राणा भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन जिन 6 लोगों की जिंदगी अब उनके कारण चल रही है, उनमें वे हमेशा जिंदा रहेंगे। उनका यह कदम यह सिखाता है कि इंसानियत सबसे बड़ी ताकत है। हरीश राणा की कहानी सिर्फ एक खबर नहीं, बल्कि एक संदेश है। मौत अंत नहीं, अगर आप किसी और को जिंदगी दे जाएं। यह घटना हर व्यक्ति को सोचने पर मजबूर करती है कि हम भी अपने जीवन के बाद किसी के लिए उम्मीद बन सकते हैं।

## सांसद, कैबिनेट मंत्री और विधायकों ने जनसभा के लिए भरी हुंकार
## कार्यकर्ताओं से की अपील और कहा हम सब हैं रैली के लिए तैयार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन 28 मार्च को होना है। 28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस जनसभा में आसपास के जिलों के भाजपाई पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर गाजियाबाद के जनप्रतिनिधि भी बेहद उत्साहित नजरआये। जनप्रतिनिधियों ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की और कहा कि हम प्रधानमंत्री की जनसभा में उनकों सुनने के लिए तैयार हैं। भाजपाईयों में प्रधानमंत्री की 28 मार्च की जनसभा को लेकर जोश और उत्साह का माहौल दिखाई दे रहा है।

### हम सब कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ हैं तैयार : सुनील शर्मा



**करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि यह हम सबके लिए एक गौरव का क्षण है जब जेवर इंटरनेशल एयरपोर्ट का उदघाटन हो रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि बड़ी संख्या में बसों में सवार होकर जेवर रैली में पहुंचना है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हम सब कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ अपने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सुनने के लिए तैयार हैं।

### अनुशासन का रखेंगे ध्यान और भर देंगे मैदान: अतुल गर्ग



**करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि देश को एक बड़ी सौगात इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रूप में मिलने जा रही है। उन्होंने कहा कि ये हम सबके लिए गौरव का विषय है कि अंतर्राष्ट्रीय उड़ान यहां से संचालित होंगी। प्रधानमंत्री की जनसभा में पहुंचने के लिए हम सब उत्साहित हैं। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि बड़ी संख्या में यहां भाजपाई आयेंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अनुशासन में रहने की अपील करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं से पूरा मैदान भर जायेगा। हम सब प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए तैयार हैं।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत में तैयार है पूरा क्षेत्र : नरेन्द्र कश्यप



करंट क्राइम। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि हम सब जनसभा की तैयारियों में जुट गये हैं। उन्होंने कहा कि केवल भाजपा कार्यकर्ता ही नहीं आम जनता भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा को लेकर बेहद उत्साहित है। सभी कार्यकर्ताओं से अपील की गयी है और यहां बड़ी संख्या में जनता भी पहुंच रही है। क्षेत्र के लाखों लोग प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए तैयार हैं।

### सभी कार्यकर्ता हैं उत्साह के साथ तैयार : संजीव शर्मा



**करंट क्राइम।** शहर विधायक संजीव शर्मा ने जेवर जनसभा को लेकर सभी कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि समय से सभी कार्यकर्ता बसों में सवार होंगे। अनुशासित तरीके से रैली में मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर उत्साहित हैं और सभी कार्यकर्ताओं के साथ हम सब जेवर रैली में मौजूद रहेंगे।

### एक बड़ी उपलब्धि और एक बड़े युग की शुरूआत : अनिल अग्रवाल



**करंट क्राइम।** पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने कहा कि इंटरनेशनल एयरपोर्ट की स्थापना वास्तव में एक नये युग की शुरूआत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ये बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है।

भाजपा के कार्यकर्ता पूरी तरह से इस खुशी में शामिल हैं, हम सब 28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा में उत्साह और उमंग के साथ मौजूद रहेंगे। क्षेत्र के सभी लोग यहां पहुंचेंगे।

### सभी कार्यकर्ता हैं इस उपलब्धि से अभिभूत : नंदकिशोर गूर्जर



**करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर भी 28 मार्च की जनसभा को लेकर तैयारियों में जुटी हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को समर्थकों से अपील की कि सभी अधिक से अधिक संख्या में बसों में सवार होकर जेवर रैली में पहुंचेंगे।

उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि से क्षेत्र का नाम बड़ा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वो अधिक से अधिक संख्या में इस रैली में पहुंचेंगे।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा में पहुचें अधिक से अधिक लोग : अजितपाल त्यागी



**करंट क्राइम।** मुरादनगर विधायक अजितपाल त्यागी ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि 28 मार्च को जेवर एयरपोर्ट उद्घाटन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा में पहुंचे।

विधायक अजितपाल ने कहा कि हमें गर्व है कि हम अपने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जेवर एयरपोर्ट जैसी उपलब्धि हासिल कर पाये हैं। मेरी सभी कार्यकर्ताओं से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे।

## एक अप्रैल से गाजियाबाद के सभी हाई-वे पर सफर होगा महंगा, बढ़ेंगी शुल्क दरें
## दिल्ली-मेरठ और अन्य मार्ग पर नई दरें लागू, रोजाना यात्रियों पर भी रहेगा असर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सफर करने वाले लाखों लोगों के लिए अहम खबर है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर 1 अप्रैल 2026 से मार्ग शुल्क (टोल) की दरें बढ़ने जा रही हैं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा तय नई दरें 31 मार्च की आधी रात के बाद लागू हो जाएंगी। इससे रोजाना आने-जाने वाले यात्रियों और माल ढुलाई करने वाले वाहनों पर सीधा असर पड़ेगा। यह बढ़ोत्तरी भले ही प्रति वाहन कुछ रुपये की हो, लेकिन नियमित यात्रियों के लिए महीने भर में यह बड़ा अतिरिक्त खर्च बन जाएगी।

नई दरों के अनुसार काशी शुल्क प्लाजा से सराय काले खां तक कार, जीप और वैन का एक तरफ का शुल्क 170 रुपये से बढ़ाकर 175 रुपये कर दिया गया है। मेरठ से इंदिरापुरम तक यात्रा करने पर अब 120 रुपये (एक तरफ) और 180 रुपये (आना-जाना) देने होंगे। वहीं मेरठ से डूंडाहेड़ा के लिए 95 रुपये एक तरफ और 140 रुपये आना-जाना, डासना के लिए 80 रुपये एक तरफ और 120 रुपये आना-जाना तथा भोजपुर तक 25 रुपये एक तरफ और 40 रुपये आना-जाना शुल्क तय किया गया है।




### फास्ट टैग नहीं लगाने पर पड़ेगा अतिरिक्त भार

करंट क्राइम : इस बीच सभी शुल्क प्लाजा को पूरी तरह नकदरहित कर दिया गया है। अब बिना फास्टैग के यात्रा करना मुश्किल ही नहीं, बल्कि अधिक महंगा भी पड़ सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार शुल्क दरों में यह बढ़ोतरी हर साल महंगाई दर और सड़क रखरखाव की लागत को ध्यान में रखकर की जाती है। इसका सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ेगा। रोजाना दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ के बीच सफर करने वाले नौकरीपेशा लोगों का मासिक खर्च बढ़ेगा, वहीं माल ढुलाई महंगी होने से बाजार में वस्तुओं की कीमतों पर भी असर पड़ सकता है। कुल मिलाकर, 1 अप्रैल से इन मार्गों पर सफर करने वालों को अब पहले से अधिक खर्च के लिए तैयार रहना होगा।

### व्यावसायिक वाहनों पर भी पड़ेगा असर

करंट क्राइम : व्यावसायिक वाहनों की बात करें तो हल्के व्यावसायिक वाहन और मिनी बस के लिए शुल्क 280 रुपये से बढ़ाकर 285 रुपये कर दिया गया है। बस और ट्रक चालकों को अब 590 की जगह 595 रुपये (एक तरफ) चुकाने होंगे, जबकि आना-जाना यात्रा के लिए 890 रुपये निर्धारित हैं। तीन धुरी (एक्सल) वाले वाहनों के लिए 845 रुपये एक तरफ और 970 रुपये आना-जाना, चार से छह धुरी वाले वाहनों के लिए 930 रुपये एक तरफ और 1395 रुपये आना-जाना तय किए गए हैं। सात या उससे अधिक धुरी वाले भारी वाहनों के लिए एक तरफ 1130 रुपये और आना-जाना पर 1700 रुपये तक शुल्क देना होगा। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर भी नई दरें लागू होंगी। यहां कार, जीप और वैन के लिए एक तरफ का शुल्क 180 रुपये रहेगा। हल्के व्यावसायिक वाहन के लिए 290 रुपये, बस और ट्रक के लिए 605 रुपये (आना-जाना 905 रुपये), तीन धुरी वाले वाहनों के लिए 660 रुपये (आना-जाना 985 रुपये) और भारी मशीनरी वाले वाहनों के लिए 945 रुपये (आना-जाना 1420 रुपये) तय किए गए हैं।

## 28 मार्च को खुलेंगे सभी स्कूल और चलेंगी कक्षायें
## जिलाधिकारी ने कर दी पहले वाले आदेश को वापस लेने की घोषणा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जेवर में एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन की पूरी तैयारियां चल रही हैं और बड़ी संख्या में यहां भाजपाई भी बसों में सवार होकर पहुचेगें। बसों की संख्या 300 से अधिक होगी और सभी को टारगेट दिया गया है।

संगठन के नेता सवारियों को लेकर पहुचेंगे ओर बसों की व्यवस्था प्रशासन द्वारा कराई गयी है। बुधवार को एक निर्देश जारी हुआ था जिसमें कहा गया था कि स्कूली बसों को भी जनसभा में लेकर जाना है। स्कूली बच्चों को कोई परेशानी ना हो इसके मददेनजर जिलाधिकारी गाजियाबाद रविन्द्र कुमार मांदड़ ने 28 मार्च का सभी स्कूलों का बंद करने की घोषणा की थी। रैली में भी लोग पहुंचे और शिक्षण का कार्य भी प्रभावित ना हो इसकी भी व्यवस्था की गयी थी। स्कूली बसें ना होने के चलते किसी बच्चे को परेशानी ना हो इस सोच के साथ स्कूलों कोबंद करने की घोषणा की गयी थी, लेकिन शिक्षण कार्य प्रभावित ना हो इसके लिए ऑनलाईन क्लास की व्यवस्था के निर्देश दिये गये थे। लेकिन इस आदेश के आने के बाद विपक्ष ने इसे मुददा बनाना शुरू किया। विपक्ष के नेता आगे आये औरफिर जब ये बात बाहर निकली तो अभिभावक भी आ गये और सब अपनी अपनी राय रखने लगे। जिलाधिकारी गाजियाबाद रविन्द्र कुमार मांदड़ ने समय रहते ही पूरी स्थिति को संभाला और उन्होंने बुधवार को ही देर रात अपने इस आदेश को बदल डाला। सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को संशोधित आदेश भेजा गया। बताया गया कि पहले वाला आदेश तत्काल प्रभाव से निरस्त कियाजाता है और नये आदेश के संबंध में ये बता दिया कि 28 मार्च को गाजियाबाद के सभी विद्यालयों में कक्षायें भौतिक रूप से संचालित की जायेंगी।



सभी स्कूल खुलेंगे और पढ़ाई भी होगी। जिलाधिकारी गाजियाबाद के यहां से इस आदेश के पारित होने के बाद इसकी कॉपी जिला निरीक्षक अधिकारी गाजियाबाद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद का भेजी गयी। स्कूल संचालकों ने भी सभी अभिभावकों को सूचित किया और इससे पहले कि विपक्ष इस बात को लेकर मुद्दा बनाता। इससे पहले ही जिलाधिकारी गाजियाबाद ने इस पूरे मामले का कटाक्षेप कर दिया।



## आजम खां पर अत्याचार का आरोप
# अजय राय ने परिवार से की मुलाकात

- कांग्रेस बोली- मानवाधिकारों का उल्लंघन, जल्द जेल में मुलाकात करेंगे

**रामपुर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने आजम खां के परिजनों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। इसके बाद उन्होंने कहा कि बीमार होने के बाद भी सपा नेता को जमीन पर सुलाया जा रहा है। वह जल्द ही उनसे जेल में मुलाकात करेंगे।



रामपुर में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने जेल में बंद सपा नेता आजम खां के परिवार से मुलाकात के बाद सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि बीमार होने के बावजूद उन्हें जमीन पर सुलाया जा रहा है। उन्होंने इसे राजनीतिक प्रताड़ना करार दिया और जल्द ही जेल में मुलाकात करने की बात कही। बृहस्पतिवार दोपहर अजय राय आजम खां के आवास पहुंचे और करीब 45 मिनट तक उनकी पत्नी तजीन फात्मा व बड़े बेटे अदीब आजम से बंद कमरे में मिले।

बाद में उन्होंने आरोप लगाया कि परिवार ने बताया कि कोर्ट के आदेशों के बावजूद आजम खां को जेल में जमीन पर सुलाया जा रहा है, जबकि उनकी तबीयत लगातार खराब है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बीमार नेता को इलाज और सम्मानजनक सुविधाएं न देना मानवाधिकारों का उल्लंघन है।


सरकार विपक्षी नेताओं को खत्म करने की राजनीति कर रही है। उन्होंने दावा किया कि जेल में आजम खां से मिलने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाती है और मुलाकात के दौरान एलआईयू कर्मी मौजूद रहते हैं। राय ने सरकार पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा में अपराधी लोग सत्ता के शीर्ष पदों पर बैठे हैं, जबकि विपक्ष की आवाज दबाने के लिए जेलों का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए खतरनाक बताया और कहा कि कांग्रेस आजम खां व उनके परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है।

# पश्चिम एशिया संकट पर अलर्ट: पीएम मोदी आज करेंगे राज्यों के साथ बड़ी समीक्षा बैठक

**पश्चिम एशिया तनाव**

### टीम इंडिया की भावना पर जोर

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 मार्च को राज्यों के मुख्यमंत्रियों से ऑनलाइन बात करेंगे।
- बैठक में ईरान और अमेरिका-इस्राइल युद्ध से उपजे हालात पर चर्चा होगी।
- साथ मिलकर टीम इंडिया की भावना से तैयारी और प्लानिंग पर रहेगा जोर।



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बातचीत करेंगे। इस बैठक में पश्चिम एशिया में बदलते हालात की समीक्षा की जाएगा और इसके भारत पर पड़ने वाले असर का आकलन किया जाएगा, खासकर तरल प्राकृतिक गैस (एलपीजी) और तेल आपूर्ति से मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

बैठक में तैयारियों पर फोकस किया जाएगा, जिसमें आपूर्ति श्रृंखला, उर्जा सुरक्षा और विदेश में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा जैसे मुद्दे शामिल हैं। प्रधानमंत्री बैठक में 'टीम इंडिया' की भावना के तहत सामूहिक प्रतिक्रिया के महत्व पर प्रकाश डाल सकते हैं, ताकि केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल बना रहे।

बैठक में वैश्विक अनिश्चितता के बीच देश में स्थिरता बनाए रखने के उपायों पर भी चर्चा हो सकती है। जिन राज्यों में फिलहाल चुनाव चल रहे हैं, वे आचार संहिता के कारण इस बैठक में शामिल नहीं होंगे। उनकी जगह कैबिनेट सचिवालय के जरिये उनके मुख्य सचिवों के साथ अलग से बैठक की जाएगी, ताकि योजनाओं और प्रतिक्रिया की प्रक्रिया जारी रहे।

यह बैठक इसलिए भी अहम मानी जा रही है, क्योंकि भारत इस समय एलपीजी की कमी का सामना कर रहा है। इससे घरों में इस्तेमाल होने वाले इस जरूरी ईंधन की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। ईरान की ओर से अधिकांश देशों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य बंद किया गया है। हालांकि, भारत को इससे अलग रखा गया है। इसके बावजूद यह चिंता बनी हुई है कि आने वाले समय में हालात और कठिन हो सकते हैं।

अधिकारियों ने बताया कि देश की रिफाइनरी अपनी पूरी क्षमता से भी अधिक पर काम कर रही हैं, जिससे पूरे देश में ईंधन की लगातार आपूर्ति बनी हुई है। भारत की कुल भंडारण क्षमता करीब 74 दिनों की खपत को पूरा कर सकती है।

जबकि, वर्तमान भंडार करीब 60 दिनों के लिए पर्याप्त है, जिसमें रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार भी शामिल हैं। अधिकारियों ने जोर देते हुए कहा कि संकट के कई हफ्तों बाद भी कोई कमी नहीं है और भविष्य में आपूर्ति स्थिर बनाए रखने के लिए आगे की खरीद की योजनाएं भी पहले से तैयार हैं।

### भारत के पास 60 दिन का ईंधन: सरकार

इससे पहले सरकार ने आज नागरिकों को आश्वस्त किया कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बावजूद कोई तात्कालिक खतरा नहीं है। सरकार ने बताया कि देश के पास 60 दिनों का ईंधन उपलब्ध है। लोगों से ईंधन की कमी से जुड़ी अटकलों पर ध्यान न देने की अपील की गई। सरकार ने पुष्टि की कि देश की उर्जा आपूर्ति स्थिर और अच्छी तरह प्रबंधित है और मौजूदा मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त भंडार मौजूद है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, कच्चे तेल की आपूर्ति अगले लगभग दो महीने के लिए पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल बाजार कंपनियों ने पहले से ही आयात की व्यवस्था कर ली है, जिससे आपूर्ति में निरंतरता बनी रहे। होर्मुज जलडमरूमध्य में बाधाओं के बावजूद भारत 40 से अधिक देशों से कच्चा तेल खरीद रहा है, जिससे किसी एक मार्ग या क्षेत्र पर निर्भरता कम हो जाती है।

## शीश महल वीडियो पर सियासत तेज
# बीजेपी का केजरीवाल पर हमला

- सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर साधा निशाना, मंत्री प्रवेश वर्मा बोले- जनता का पैसा घर पर खर्च

**नई दिल्ली।** दिल्ली बीजेपी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें सीएम रहते हुए केजरीवाल के सरकारी आवास जिसे भाजपा ने शीश महल का नाम दिया है उसका एक वीडियो जारी किया है।



दिल्ली बीजेपी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें सीएम रहते हुए केजरीवाल के सरकारी आवास जिसे भाजपा ने शीश महल का नाम दिया है उसका एक वीडियो जारी किया है। बीजेपी सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला है। उस पोस्ट का शीर्षक धुरंधर पार्ट 3 का नाम दिया है।

दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के 'शीश महल' पर दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि फिल्म (धुरंधर) की वजह से रहमान डकैत का किरदार आजकल काफी चर्चा में है। दिल्ली को भी इसी तरह लूटा गया। दिल्ली में 11 साल तक सरकार चलाने वाले अरविंद केजरीवाल, जो दिल्ली के मुख्यमंत्री थे उन्होंने लोगों को बड़े-बड़े सपने दिखाए, लेकिन उन्होंने जनता का सारा पैसा लूटकर अपने ही घर में लगा दिया और एक 'शीश महल' बनवा लिया। उन्हें लगा था कि कोई भी उन्हें हरा नहीं पाएगा। लेकिन हमारे 'धुरंधर' मतदाताओं ने उन्हें हरा दिया।

वहीं 'शीश महल' पर कांग्रेस नेता अलका लांबा ने कहा कि दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल को हरा दिया है और उन्हें सत्ता से हटा दिया है। अरविंद केजरीवाल ने जिस पैसे का इस्तेमाल किया, उसका इस्तेमाल जनता की भलाई के लिए किया जाना चाहिए था। अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए और उन्हें अपनी सरकार की नाकामियों को छिपाना नहीं चाहिए।

# सीएम नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के दौरान सुरक्षा में चूक, बच्ची के काफिले में आने से हड़कंप

- समृद्धि यात्रा के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने गृह जिले नालंदा जा रहे थे



**पटना।** गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी समृद्धि यात्रा के तहत नालंदा पहुंचे। भैंसासुर मंदिर के पास उनके काफिले में अचानक एक बच्ची आने से हड़कंप मच गया। महिला कांस्टेबल की सजगता से बच्ची सुरक्षित रही और बड़ा हादसा टल गया। गुरुवार को अपनी समृद्धि यात्रा के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने गृह जिले नालंदा पहुंचे। इस दौरान उनके काफिले के सामने अचानक एक छोटी बच्ची के आ जाने से हड़कंप मच गया। यह घटना बिहार शरीफ के भैंसासुर मंदिर के पास तब हुई, जब मुख्यमंत्री फ्लाईओवर का उद्घाटन करने जा रहे थे। महिला कांस्टेबल की सतर्कता से टला बड़ा हादसा घटना के समय मौके पर तैनात महिला कांस्टेबल ने तुरंत बच्ची को सुरक्षित स्थान पर हटा लिया। उनकी सजगता के कारण बड़ा हादसा होते-होते टल गया। इससे पहले मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर नालंदा कॉलेज में लैंड हुआ। वहां से वे सीधे कार में बैठकर जिले के लिए 810 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने पहुंचे।

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब मुख्यमंत्री का सुरक्षा काफिला भैंसासुर मंदिर के पास पहुंचा, तो अचानक बच्ची सड़क पर दौड़ती हुई आ गई। हालांकि, महिला पुलिसकर्मी की तत्परता ने स्थिति को संभाल लिया। इस घटना ने हाई-प्रोफाइल 'समृद्धि यात्रा' और सीएम की सुरक्षा व्यवस्था के दावों के बीच प्रशासनिक चूक पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### फ्लाईओवर का उद्घाटन

थोड़ी देर के व्यवधान के बाद मुख्यमंत्री का काफिला आगे बढ़ा और उन्होंने नव-निर्मित फ्लाईओवर का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य और स्थानीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

# टैंक सफाई में गई जान: जहरीली गैस से दो चचेरे भाइयों की मौत

### 20 फीट गहरे टैंक में बिना सुरक्षा उतारा, दम घुटने से दोनों की गई जान



**पानीपत।** दो चचेरे भाइयों को फैक्टरी में उन्हें दूषित पानी के टैंक की सफाई करने के काम पर लगाया। दोनों को करीब 20 फीट गहरे टैंक में उतार दिया। जैसे ही वह अंदर गए तो टैंक में बन रही जहरीली गैस की चपेट में आकर उनका दम घुट गया। थाना सनौली क्षेत्र के जलालपुर कुराड गांव के पास कंबल फैक्टरी के दूषित पानी की टैंक की सफाई करने के लिए उतरे दो चचेरे भाईयों नितिन (18) व शिवम (19) की मौत हो गई। दोनों यूपी के शामली जिले के कैराना क्षेत्र के जंधेड़ी गांव के रहने वाले थे।

वीरवार को परिवार के ही युवक के साथ काम करने के लिए फैक्टरी आए थे। परिजनों का आरोप है कि बिना सेफ्टी उपकरण के दोनों को 20 फीट गहरे गड्ढे में उतार दिया गया। वहीं, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जंधेड़ी के जोगिंद्र ने बताया कि उनके परिवार का युवक मोनू जलालपुर कुराड गांव के पास मयूर एंटरप्राइजेज फैक्टरी में काम करता है। सोमवार को शिवम व नितिन भी उसके साथ काम करने के लिए आए थे। सुबह करीब 10 बजे वह दोनों फैक्टरी पहुंचे। फैक्टरी में उन्हें दूषित पानी के टैंक की सफाई करने के काम पर लगाया। दोनों को करीब 20 फीट गहरे टैंक में उतार दिया। जैसे ही वह अंदर गए तो टैंक में बन रही जहरीली गैस की चपेट में आकर उनका दम घुट गया। जिससे वह बेसुध हो गए और अंदर की गिर गए।

काफी देर तक जब वह बाहर नहीं आए तो एक अन्य व्यक्ति को कमर में रस्सी बांधकर टैंक में उतारा गया।

# मेरठ में 420 दरोगाओं को दिखाई गई फिल्म धुरंधर-2
## पुलिसकर्मियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित शो

- दरोगाओं ने कहा- फिल्म से मिली सीख, पहल पर उठे सवाल

**मेरठ।** मेरठ में 2023 बैच के 420 दरोगाओं को धुरंधर 2 फिल्म दिखाई गई। दरोगाओं ने कहा कि फिल्म से उन्हें कई बातें सीखने को मिलीं। मेरठ में पुलिस कर्मियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से एक अनोखी पहल की गई। एसएसपी के निर्देश पर करीब 420 दरोगाओं और रंगरूटों को एक फिल्म दिखाई गई, जिसके बाद इस पहल को लेकर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चचाएं तेज हो गई हैं। यूनिफॉर्म में पहुंचे पुलिसकर्मी जानकारी के अनुसार सभी पुलिसकर्मी यूनिफॉर्म में मेरठ स्थित एक मॉल के सिनेमा हॉल में पहुंचे और दोपहर ढाई बजे शुरू हुए शो में शामिल हुए। इनमें कुछ दरोगा थे, जबकि अधिकतर नए रंगरूट बताए गए हैं। मीडिया को नहीं मिली हॉल में एंट्री फिल्म के प्रदर्शन के दौरान मीडिया को हॉल के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। साथ ही पुलिसकर्मियों को भी मीडिया से



बातचीत करने की अनुमति नहीं थी। बताया गया कि शो करीब साढ़े तीन बजे समाप्त हुआ।

**ये बताया उद्देश्य :** चर्चा है कि पुलिस अधिकारियों द्वारा पुलिसकर्मियों को प्रेरित करने के लिए यह पहल की गई। उनका कहना है कि ऐसी फिल्मों से पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों के प्रति प्रेरणा मिलती है। फिल्म के जरिए मिली सीख फिल्म देख चुके दरोगाओं ने बताया कि फिल्म में जिस तरह से पाकिस्तान में भारतीय एजेंटों के काम करने का तरीका दिखाया गया, उससे उन्हें काफी कुछ समझने को मिला। जब नकली करेंसी के जरिए देश में आर्थिक चुनौती पैदा की गई थी।

### ट्रेनिंग से जुड़ी लगी कहानी


पुलिसकर्मियों का कहना था कि फिल्म में दिखाए गए कई दृश्य उनकी ट्रेनिंग से जुड़े लगते हैं। जिस तरह की परिस्थितियों और रणनीतियों को फिल्म में दिखाया गया, उससे उन्हें अपने कर्तव्यों को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलती है।

### पहल पर शुरू हुई सियासत

इस कार्यक्रम को लेकर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। कई लोग इसे पुलिसकर्मियों को प्रेरित करने की पहल मान रहे हैं, जबकि कुछ इसे लेकर सवाल भी उठा रहे हैं।

## अफवाहों से हड़कंप: पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें, सीएम की चेतावनी
# उमर अब्दुल्ला बोले- ईंधन की कोई कमी नहीं, अफवाहों पर भरोसा न करें, नहीं माने तो पंप बंद करने की चेतावनी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सोशल मीडिया पर अफवाहों के चलते पेट्रोल पंपों पर लोग घंटों लाइन लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार की बात कोई नहीं सुनता, लेकिन अफवाहों पर सब यकीन कर लेते हैं।



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लोगों से पेट्रोल पंपों के बाहर डेरा डालना बंद करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी है कि ऐसा न करने पर वे अगले कुछ दिनों के लिए सभी पेट्रोल पंप बंद कर देंगे।

**तेल और गैस की राज्य में कोई कमी नहीं: सीएम :** अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार की बात कोई नहीं सुनता। इसके बजाय, हर कोई अफवाहों पर विश्वास करता है। उन्होंने बताया कि हाल ही में हुई एक समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया था। बैठक में पाया गया कि डीजल, पेट्रोल या एलपीजी सिलिंडरों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने जोर दिया कि कुछ दिनों बाद भी स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। कहीं भी उपयोग कम करने का कोई निर्देश नहीं दिया गया है। मुख्यमंत्री ने उन लोगों से अपील की है जो सोशल मीडिया अफवाहों के आधार पर कतार में लग रहे हैं। उन्होंने उनसे ऐसा न करने का अनुरोध किया।

**आज पीएम के साथ सभी मुख्यमंत्रियों की बैठक :** मुख्यमंत्री ने बताया कि कल प्रधानमंत्री मोदी के साथ सभी मुख्यमंत्रियों की एक ऑनलाइन बैठक है। वह इस महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होंगे। उन्होंने लोगों से अनावश्यक रूप से कतारें न लगाने का आग्रह किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कतारें जारी रहीं तो पेट्रोल पंप बंद कर दिए जाएंगे। यह कदम स्थिति को सामान्य करने के लिए उठाया जाएगा।

# वंदे भारत में खाने की शिकायत पर कड़ा एक्शन
## रेलवे ने लगाया 60 लाख का जुमार्ना, कॉन्ट्रैक्ट भी किया रद्द

**बिलासपुर।** भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा और खाद्य गुणवत्ता को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। 15 मार्च 2026 को पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस में भोजन की गुणवत्ता पर आई शिकायत के बाद रेलवे ने जुमार्ना ठोका है।



भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बड़ी कार्रवाई की है। रेलवे ने अपनी ही कंपनी इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) पर शिकंजा कसा है। आईआरसीटीसी पर दस लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।

यह कार्रवाई 15 मार्च 2026 को ट्रेन संख्या 21896 (पटना झ टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस) में पाई गई अनियमितता के संबंध में हुई। एक यात्री द्वारा भोजन की गुणवत्ता पर की गई शिकायत को गंभीरता से लिया गया था। संबंधित सेवा प्रदाता पर पचास लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। साथ ही, उसके अनुबंध को समाप्त करने के आदेश भी दिए गए हैं। भारतीय रेलवे के प्रवक्ता ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा और गुणवत्ता उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### खाद्य गुणवत्ता पर जोर

भारतीय रेलवे, आईआरसीटीसी के माध्यम से, अपने विशाल नेटवर्क में प्रतिदिन पंद्रह लाख से अधिक यात्रियों को भोजन परोसता है। यह विश्व के सबसे बड़े ऑनबोर्ड खाद्य संचालनों में से एक है। यात्री सुरक्षा और खाद्य गुणवत्ता इस महत्वपूर्ण मिशन की आधारशिला हैं।

### कड़ी कार्रवाई का संदेश

रेलवे ने स्पष्ट किया है कि इस मानक का कोई भी उल्लंघन होने पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाती है। यह जुमार्ना और अनुबंध समाप्ति का आदेश इसी नीति का हिस्सा है। इसका उद्देश्य यात्रियों को उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं सुनिश्चित करना है।

# दिल्ली में एलपीजी जमाखोरी का भंडाफोड़, 459 गैस सिलिंडर जब्त
## क्राइम ब्रांच की छापेमारी में एजेंसी मालिक शामिल, आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत केस दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गुरुवार को बाहरी दिल्ली के रणहौला में एलपीजी जमाखोरी का भंडाफोड़ किया है। यह कार्रवाई आवश्यक वस्तु अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत की गई। छापामारी में कुल 459 खाली गैस सिलिंडर जब्त किए गए।



टीम द्वारा जब्त कुल सिलिंडरों में से 175 भारत पेट्रोलियम और 284 इंडेन गैस के सिलिंडर शामिल थे। क्राइम ब्रांच की पश्चिमी रेंज-कइकाई ने विशिष्ट खुफिया जानकारी पर यह अभियान चलाया। इस कार्रवाई से एलपीजी वितरण प्रणाली के अवैध भंडारण और कालाबाजारी का खुलासा हुआ। एलपीजी की कमी की चिंताओं पर जमाखोरों की पहचान को विशेष टीम बनी। इंस्पेक्टर प्रदीप के नेतृत्व में टीम ने गांव रणहौला में एचपी बालाजी गैस एजेंसी पर छापा मारा।

एजेंसी मालिक सुशील कुमार सिंघल को अवैध जमाखोरी में शामिल पाया गया। खाद्य आपूर्ति अधिकारी जग प्रवेश को मौके पर बुलाकर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। जब्त सिलिंडर हिंदुस्तान पेट्रोलियम गैस के बिक्री क्षेत्र प्रबंधक संजय कुमार मेहता को सुपुर्द कर दिए गए। क्राइम ब्रांच पुलिस थाने में प्राथमिकी संख्या 62/2026 दर्ज की गई। इसमें आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 7 और बीएनएस की धारा 61(2) लगाई गई है। मामले की आगे की जांच जारी है।

# डिजिटल अरेस्ट का जाल: भोपाल में 85 वर्षीय बुजुर्ग से 36 लाख की ठगी
## ईडी और दिल्ली पुलिस बनकर जालसाजों ने 7 दिन तक धमकाया, व्हाट्सएप कॉल के जरिए पैसे ट्रांसफर कराए

भोपाल। जालसाजों ने उन्हें फोन कर कहा कि मैं दिल्ली पुलिस का अधिकारी बोल रहा हूं, आपके मोबाइल नंबर का अवैध रूप से देशविरोधी गतिविधियों में उपयोग हो रहा है। इसके बाद दूसरा जालसाज भारतीय दूरसंचार विभाग का अधिकारी बनकर बात की और दोनों मोबाइल नंबर बंद करने की धमकी दी। इसके बाद तीसरे जालसाज ने अलग नंबर से फोन किया और खुद को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का अधिकारी बताकर गिरफ्तारी का डर दिखाया। इसके बाद जालसाज उन्हें देशविरोधी गतिविधियों और मनी लॉन्ड्रिंग के केस में बाकी बची जिंदगी जेल में गुजरने की धमकी देने लगे। जालसाजों ने उन्हें बिना किसी को बताए 13 से 19 नवंबर 2025 तक डिजिटल अरेस्ट रखा और एक खाते में 20 लाख तथा दूसरे खाते में 16 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। जालसाजों ने कहा कि जांच के बाद यदि आपने कोई अपराध नहीं किया



तो पूरा पैसा वापस कर दिया जाएगा। 36 लाख रुपये ट्रांसफर कराने के बाद जालसाजों ने उनका फोन रिसीव करना बंद कर दिया। इसके बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने 21 नवंबर को भोपाल क्राइम ब्रांच में शिकायत की। इसके बाद क्राइम ब्रांच ने शिकायत की जांच कर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।

**वाट्सएप कॉल कर बनाया था डिजिटल अरेस्ट :** पीड़ित बुजुर्ग ने क्राइम ब्रांच को बताया कि जालसाजों ने एक मोबाइल नंबर डिएक्टिवेट कराने पर दूसरा भी बंद करने की धमकी देकर उन्हें चुप कराया था। इसके बाद वे व्हाट्सएप कॉल पर ही बात करते थे। जालसाजों में से एक ने खुद को दिल्ली के दरियागंज पुलिस थाने का अधिकारी बताकर भी बात की थी। एक जालसाज ने खुद को ईडी की अधिकारी निशा पटेल बताते हुए कहा था।

### वसूली नहीं होने पर घर कुर्क करने की धमकी भी दी

क्राइम ब्रांच ने बताया कि जालसाजों ने फरियादी को धमकाया था कि यदि आप अभी राशि ट्रांसफर नहीं करते, तो रकम की वसूली के लिए कोर्ट के आदेश पर आपके घर को सीज कर कुर्क किया जाएगा। घर कुर्क होने और बेघर होने तथा पड़ोस में बदनामी के डर से बुजुर्ग इंजीनियर जालसाजों के झांसे में फंसते चले गए।

### भांजे ने कमरे में बंद देखा, तब मामला खुला

एडीसीपी क्राइम ब्रांच शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि 19 नवंबर 2025 को पीड़ित बुजुर्ग को कई दिनों से कमरे में अकेले रहते देख उनका भांजा चुपके से कमरे के बाहर पहुंचा। भांजे ने देखा कि वे व्हाट्सएप कॉल पर किसी से धीरे-धीरे बात कर रुपये ट्रांसफर होने की जानकारी दे रहे थे। इसके बाद भांजे को अनहोनी का शक हुआ और उसने पूछताछ की, लेकिन वे कुछ भी बताने को तैयार नहीं थे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

# लखीमपुर खीरी में तेंदुए का कहर: 7 साल की मासूम को घर से उठा ले गया
## माता-पिता के सामने इकलौती बेटी सिमरन को बनाया शिकार, घटना से इलाके में शोक और आक्रोश

**नई दिल्ली।** लखीमपुर खीरी के सिंगाही क्षेत्र के फुटहा फार्म में तेंदुए के हमले में सात वर्षीय सिमरन की मौत की घटना ने परिवार की खुशियां छीन लीं। करीब 60 वर्ष की उम्र में जोगा सिंह को मन्नतों के बाद इकलौती संतान का सुख मिला था, जिसे बुधवार शाम तेंदुए ने छीन लिया। घर में घुसा तेंदुआ माता-पिता के सामने मासूम बेटी को दबोच ले गया। इकलौती बेटी की मौत से माता-पिता पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जिस संतान के लिए जोगी सिंह ने परिवार की सहमति से तीन शादियां की, उस संतान को तेंदुए ने छीन लिया। इस घटना ने क्षेत्र के लोगों को भी झकझोर कर रख दिया।

**घर में खाना खा रही थी मासूम सिमरन :** फुटहा फार्म निवासी जोगा सिंह की तीसरी पत्नी सरजीत कौर (50 वर्ष) मूकबधिर हैं, जो न सुन सकती हैं और न ही बोल सकती हैं। उनसे करीब सात वर्ष पहले बेटी सिमरन का



जन्म हुआ था। बुधवार शाम सिमरन घर में खाना खा रही थी, तभी तेंदुआ घर में घुस आया और माता-पिता की आंखों के सामने ही उसे जबड़े में दबोचकर उठा ले गया। करीब 500 मीटर दूर गेहूं-मसूर के खेत में ले जाकर तेंदुए ने मासूम को मार डाला। इकलौती बेटी का अधखाया शव देख माता-पिता बेसुध हो गए। मौके पर मौजूद लोगों के भी आंसू छलक पड़े।

**बेहद मार्मिक है कहानी :** पीड़ित परिवार की कहानी बेहद मार्मिक है। जोगा सिंह की पहली पत्नी रंजीत कौर से कोई संतान नहीं हुई। रंजीत की सहमति से जोगी सिंह की दूसरी शादी अमरीक कौर से कराई गई, लेकिन गर्भावस्था के दौरान जच्चा-बच्चा दोनों की मौत हो गई। इसके बाद करीब दस वर्ष पूर्व पहली पत्नी ने ही तीसरी शादी सरजीत कौर से कराई थी। तीसरी पत्नी से जन्मी सिमरन ही परिवार की इकलौती संतान थी। करीब दो वर्ष पहले जोगा सिंह की पहली पत्नी रंजीत कौर का भी निधन हो गया। अब बुजुर्ग माता-पिता के जीवन का एकमात्र सहारा भी उनसे छिन गया। घटना के बाद से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मूकबधिर मां का विलाप और पिता की हालत देख हर किसी की आंखें नम हो रही हैं। पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। घटना के बाद से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। बृहस्पतिवार को बच्ची के परिजनों के साथ तमाम लोग धरने पर बैठे गए। पुलिस को बच्ची का शव नहीं उठाने दिया।

परिजनों ने जिम्मेदारों पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग की। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) उत्तर प्रदेश के बैनर तले संगठन के विधानसभा अध्यक्ष जयमल सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में अधिकारियों को पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया है।

किसान नेता जयमल सिंह ढिल्लो ने ज्ञापन देकर जंगल क्षेत्र में मजबूत जालीदार फेंसिंग कराने, जंगली जानवरों के हमले में मौत होने पर पीड़ित परिवार को 21 लाख रुपये मुआवजा देने और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग प्रमुख रूप से उठाई है।

दैनिक
# करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
03 • नई दिल्ली। शुक्रवार 27 मार्च -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

Ankush Arora
10h

भाग्य का भाग कर आएगा
और
जो भाग्य का नहीं वो आकर
के भी भाग जाएगा।।


# साईट-4 के उद्योगपतियों ने गैस संकट को लेकर चिंता जताई

## ठप हो जायेंगे उद्योग अगर सुचारू नहीं हुई गैस की सप्लाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अमेरिका ईरान के युद्ध के बाद लगातार इस बात की आशंका जताई जा रही है कि गैस की सप्लाई में कमी हो सकती है। हालांकि सरकार लगातार ये भरोसा दे रही है कि कहीं कोई कमी नहीं है और लोग संयम बनायें। वहीं औद्योगिक क्षेत्रों में गैस सप्लाई की किल्लत में अब उनकी परफॉर्मेंस में असर डाल दिया है। जो फैक्ट्रियां लगातार चल रही थीं वो अब गैस की कमी के कारण कहीं 12 घंटे तो कहीं 8 घंटे चल रही हैं। घरेलू क्षेत्र में तो समस्या है कि औद्योगिक क्षेत्र में भी कॉमर्शियल सलेंडरों की सप्लाई बंद होने के बाद अब इसका इफैक्ट नजर आने लगा है। औद्योगिक क्षेत्र में कई यूनिट गैस के कारण बंद कर दी गयी हैं। दैनिक करंट क्राइम ने साहिबाबाद साईट 4 औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगपतियों से बात की। दैनिक करंट क्राइम ने औद्योगिक क्षेत्र फैडरेशन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पदाधिकारियों से बात की। इन्होंने गैस के स्वरूप को सामने रखा और चिंता जताई कि कॉमर्शियल गैस की सप्लाई बहाल नहीं की गयी तो उद्योग ठप हो जायेंगे।

### कोई नहीं बता रहा , कब तक होगा समस्या का समाधान: मुकेश गुप्ता



करंट क्राइम। साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के महासचिव मुकेश गुप्ता भी गैस सप्लाई के प्रतिबंध को लेकर चिंता जता रहे हैं। उनका कहना है कि ये प्रतिबंध कब तक जारी रहेगा, इसके बारे में स्थिति अधिकारिक तौर पर स्पष्ट नहीं हो रही है। मुकेश गुप्ता ने कहा कि ना कोई अधिकारी उद्योगपतियों की सुन रहा है और ना ही कोई संतोषजनक जवाब दिया जा रहा है। औद्योगिक ईकाईयां उत्पादन की कमी से जूझ रही हैं और हमें ये भी जवाब नहीं मिल रहा है कि ये समस्या कब तब रहेगी, कब तक समाधान हो जायेगा। हम आने वाले समय को लेकर चिंतित हैं और इस स्थिति का बुरा प्रभाव औद्योगिक ईकाईयों के उत्पादन पर पड़ा है।

### आपूर्ति पर प्रतिबंध के कारण 90 प्रतिशत उत्पादन हुआ है कम : अजित तोमर



करंट क्राइम। साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अजित तोमर का कहना है कि जबसे औद्योगिक क्षेत्रों में दी जाने वाली गैस सप्लाई पर प्रतिबंध लगा है तब से प्रोडैक्शन का स्तर एक दम से नीचे आ गया है। उन्होंने कहा कि गैस आपूर्ति बंद होने के बाद उत्पादन की दल में 90 प्रतिशत की कमी आयी है। अब हालात ये हैं कि हमें गैस ना होने के कारण उत्पादन के घंटे घटाने पड़ रहे हैं। ऐसी कई ईकाईयां हैं जो गैस आपूर्ति बंद होने के बाद अपने रोस्टर चार्ट को भी घटा रही हैं। पहले जो ईकाईयां 24 घंटे चलती थीं, उन ईकाईयों का समय अब 18 घंटे कर दिया गया है। जो ईकाईयां 18 घंटे संचालित होती थीं, उनका समय घटाकर 12 घंटे किया गया है। 12 घंटे चलने वाली यूनिट का समय घटाकर 8 घंटे किया गया है। गैस से चलने वाली सभी ईकाईयों में अब साप्ताहिक अवकाश आवश्यक कर दिया गया है। औद्योगिक क्षेत्र की कई बड़ी यूनिटें गैस संकट के कारण प्रभावित हुई हैं।

### पहली बार देखा है लगते हुए गैस आपूर्ति पर प्रतिबंध : दिनेश मित्तल




करंट क्राइम। औद्योगिक क्षेत्र की एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश मित्तल ने कहा कि उद्योग चलते हैं और इसमें गैस की आवश्यकता भी पड़ती है। सरकार उपलब्ध भी कराती है लेकिन हम पहली बार कॉमर्शियल फील्ड के अंदर गैस की आपूर्ति पर प्रतिबंध लगते हुए देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि कॉमर्शियल सलेन्डरों की आपूर्ति पर प्रतिबंध के बाद उद्योगों का सारा काम प्रभावित हो रहाहै। कई यूनिटो में गैस की सप्लाई ना होने के कारण प्रोडक्शन पर गहरा असर पड़ा है।

# तो क्या जीडीए बोर्ड मैम्बर में है इन चेहरों का नाम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा में संगठन वाली लिस्ट आ गयी। कौन महामंत्री वाली पारी खेलेगा, इसमें तीन नाम आ गये। नामित पार्षदों वाली लिस्ट भी आ गयी। दस चेहरे कृपा पाकर निहाल हैं। इनमें महिला चेहरों से लेकर वरिष्ठ भाजपाई के नाम हैं। युवा चेहरों के सपनों को भी उड़ान मिली है। अब इंतजार उस लिस्ट का हो रहा है जिसमें तीन जीडीए बोर्ड सदस्यों के नाम आने हैं। सूत्र बताते हैं कि जीडीए बोर्ड वाली लिस्ट में पूर्व महानगर अध्यक्षों के नाम का ट्विस्ट चल रहा है। जीडीए बोर्ड सदस्य के रूप में पार्टी किन पूर्व महानगर अध्यक्षों के नाम पर विचार करेगी। क्या इनमें से कोई चेहरा किसी और वजह से खुद को रिप्लेस करेगा। जीडीए बोर्ड में कौन से चेहर हो सकते हैं , इसको लेकर चर्चा चल रही है। इसमें पूर्व महानगर अध्यक्षों के नाम हैं।

### अजय शर्मा करेंगे दावेदारी या स्वीकार करेंगे जिम्मेदारी



करंट क्राइम। जीडीए बोर्ड सदस्य वाले सीन में पूर्व महानगर अध्यक्षों का नाम चल रहा है। अजय शर्मा महानगर अध्यक्ष रहे हैं और इन दिनों वो फिर से साहिबाबाद विधानसभा में दावेदारी वाले मोड में हैं। ऐसे में ये सवाल है कि क्या वो खुद को विधानसभा की दावेदारी वाले फ्रेम में रखेंगे या फिर दावेदारी को फोल्ड करके वो बोर्ड मैम्बर वाली जिम्मेदारी को स्वीकार करेंगे।

### मानसिंह गोस्वामी का रहेगा कौन सा किरदार



करंट क्राइम। पूर्व महानगर अध्यक्षों की बात करें तो मानसिंह गोस्वामी का नाम चर्चा में है। मानसिंह गोस्वामी क्षेत्रीय टीम में रहे हैं और आउट डोर प्रचार में भी सक्रिय रहते हैं। सूत्र बताते हैं कि मानसिंह गोस्वामी का किरदार यहां जीडीए बोर्ड मैम्बर से बड़ा है और सूत्रों की मानें तो उनकी डिमांड संगठन में ज्यादा है और संगठन में भी उन्हें किसी बड़े पद पर प्रमोट करने की चर्चा चल रही है। वो प्रदेश कमेटी में भी जा सकते हैं।

### विजय मोहन के नाम पर हो सकता है विचार



करंट क्राइम। विजय मोहन के पास विशद अनुभव है। वो महानगर अध्यक्ष रहे हैं, निगम पार्षद रहे हैं और क्षेत्रीय टीम में रहे हैं। पूर्व महानगर अध्यक्ष वाले क्राईट ऐरिया से विजय मोहन के नाम पर विचार हो सकता है। विजय मोहन को नगर निगम से लेकर जीडीए का अनुभव भी है।

### सरदार एसपी सिंह को मिल सकती है जीडीए बोर्ड मैम्बर वाली जिम्मेदारी



करंट क्राइम। सरदार एसपी सिंह वरिष्ठ भाजपाई हैं, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य रह चुके हैं और भाजपा के महानगर अध्यक्ष भी रहे हैं। पार्टी का शालीन चेहरा हैं और ये माना जा रहा है कि लाईफ टाईम अचीवमेंट के रूप में सरदार एसपी सिंह को भी जीडीए बोर्ड मैम्बर बनाया जा सकता है।

# हिंडन बैराज में युवती ने लगाई छलांग

## गोताखोर की तत्परता से 10 मिनट में बची जान

### इंदिरापुरम में त्वरित रेस्क्यू ऑपरेशन, घर से नाराज होकर उठाया था कदम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गुरुवार को इंदिरापुरम थानाक्षेत्र स्थित हिंडन बैराज पर दोपहर करीब 3:30 बजे एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जब एक 21 वर्षीय युवती ने अचानक बैराज में छलांग लगा दी। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन स्थानीय लोगों की सतर्कता और पुलिस की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवती कुछ देर तक बैराज किनारे खड़ी रही और अचानक पानी में कूद गई। यह देख वहां मौजूद लोगों ने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही इंदिरापुरम थाना पुलिस और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और बिना देर किए बचाव कार्य शुरू किया गया। गोताखोरों की मदद से चलाए गए रेस्क्यू अभियान में करीब 10 मिनट के भीतर युवती को पानी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने भी पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की। समय रहते रेस्क्यू होने के



### घर से नाराज होकर पहुंची थी बैराज

करंट क्राइम : एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि युवती ने होश में आने के बाद अपना नाम निम्मी उर्फ आरती (उम्र करीब 21 वर्ष) बताया है। वह मूल रूप से कानपुर की रहने वाली है। प्रारंभिक पूछताछ में युवती ने बताया कि वह गुरुवार को ही घर से नाराज होकर निकली थी और सीधे हिंडन बैराज पहुंच गई, जहां उसने आवेश में आकर यह कदम उठा लिया। पुलिस के सामने फिलहाल सबसे बड़ी चुनौती युवती की पूरी पहचान और उसके परिजनों से संपर्क स्थापित करना है। युवती ने अपना पूरा पता नहीं बताया है। वहीं किसी परिजन का मोबाइल नंबर उपलब्ध नहीं कराया, तो उसके पास से कोई मोबाइल फोन या पहचान पत्र भी बरामद नहीं हुआ है। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव के अनुसार पुलिस आसपास के जिलों में जानकारी साझा कर युवती के परिजनों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

### अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर

करंट क्राइम : रेस्क्यू के बाद युवती को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार फिलहाल उसकी हालत स्थिर है, लेकिन मानसिक स्थिति को देखते हुए उसे काउंसलिंग की भी आवश्यकता हो सकती है। यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि समय पर सूचना और त्वरित पुलिस कार्रवाई किसी भी बड़ी दुर्घटना को टाल सकती है। स्थानीय लोगों की जागरूकता और पुलिस-प्रशासन के बेहतर समन्वय से एक अनमोल जीवन बचाया जा सका। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और युवती के परिवार तक जल्द से जल्द पहुंचने के प्रयास जारी हैं।

# जनसभा वाली बस में थे कितने लोग सवार

## इसी बात पर होगी पार्षदों की दावेदारी की कुंडली तैयार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री की जनसभा है और इसमें संगठन द्वारा सभी को टारगेट दिया गया है। टारगेट का दिया जाना कोई नयी बात नहीं है और हर दल की रैली में लक्ष्य तय होता है। भाजपा में भी प्रधानमंत्री की रैली को लेकर पार्षदों को भी टारगेट दिया गया है। पार्षदों को एक एक बस का टारगेट दिया गया है। निर्वाचित पार्षदों के लिए भी एक बस का टारगेट है और नामित पार्षदों के लिए भी एक बस का टारगेट है।

सूत्र बताते हैं कि बसों की संख्या से संगठन की क्षमता का आंकलन होगा और बसों की सवारी से पार्षदों की दावेदारी तय होगी। महानगर से 300 से ज्यादा बसों का टारगेट है, टारगेट वाली लिस्ट में मंडल अध्यक्ष भी शामिल हैं, पार्षद भी शालि हैं। नामित और निर्वाचित दोनों शामिल हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि एक बस के टारगेट के अनुपात में मंडल में बैठे पार्षदी के दावेदारों ने इस संख्या को बढ़ाया है। किसी ने दो बस तो किसी ने तीन बस भरकर ले जाने की जिम्मेदारी ली है।

बताते हैं कि जनसभा में जा रही बसों की सवारियों पर भी संगठन की नजर है। बसों में कितनी सवारी है, इसी से अगली दावेदारी भी तय होनी हैं। अनुशासन वाली बात के बाद अब दूसरी बात परफॉरमेंस की है। किस पार्षद ने कितनी बसें ली हैं और वो कितनी बसों को भरकर लेकर गया है इसकी लिस्ट तैयार होगी। यहां पर बसों की संख्या पर भी सब निगाह रख रहे हैं। पार्षद की ताकत का तराजू ही बस की सवारी माना जा रहा है।





### कुछ पार्षद चाहते हैं बस की जिम्मेदारी ना मिले

करंट क्राइम। चुनावी ऊर्जा से लबरेज चेहरे खुद जाकर बसों की संख्या बढ़वाकर आये हैं। कुछ ऐसे पार्षद हैं जिनके सामने एक बस भरना भी बड़ी चुनौती है। सूत्र बताते हैं कि गिनती के पार्षदों का छोड़कर बाकी के सामने बस का भरना ही एक चेलेंज है। ऐसे में यहां कई पार्षद तो ये चाहते हैं कि बस वाली जिम्मेदारी से दूर ही रहें। सूत्र बताते हैं कि एक उम्र दराज नामित पार्षद के लिए तो खुद संगठन के प्रमुख पदाधिकारी ने कह दिया कि उन्हें बस के लिए फोन मत करना । वो बस के नाम पर ही टेंशन में आ जायेंगे।

### दावेदार करेंगे सिटिंग पार्षदों की वीडियो तैयार

करंट क्राइम। गजब सीन ये है कि रैली जेवर में हो रही है और तेवर गाजियाबाद में दिख रहे हैं। सिटिंग पार्षदों के सामने चुनौती ये है कि मौहल्ले से किसे लेकर जायें। वहीं सिटिंग को हटाकर खुद टिकट लेने की तैयारी कर रहे

### आयेगी टिकट की बेला तो इसी रिपोर्ट पर हो जायेगा खेला

करंट क्राइम। जनसभा मार्च के महीने में हो रही है और अगले साल निगम के चुनाव आ रहे हैं। पार्षदों की ताकत संगठन देखेगा। सूत्र बताते हैं कि जब पार्षद टिकट के लिए दावेदारी करेंगे तो जनसभा की ये रिपोर्ट सवारियों की संख्या के साथ सामने आ जायेगी। कहने का मतलब ये कि जब टिकट की बेला आयेगी तो खेला भी हो सकता है। पार्षदों को लेकर पहले भी एसआईआर अभियान में क्षेत्रीय अध्यक्ष कह चुके हैं कि अगर पार्षदों की भूमिका कमजोर रही तो फिर दावेदारी के समय हम भी इस बात का ध्यान रखेंगे और अब रैली में संगठन की पूरी निगाहें पार्षदों की बसों पर है।

दावेदार भी मोबाईल कैमरों के साथ रैडी हैं। सूत्र बताते हैं कि कई वार्डों में इस बात की तैयारी हो चुकी है और हर दावेदार के सपोर्टर बस की वीडियो बनाने को तैयार हैं। कोई बस के बाहर से वीडियो बनायेगा कोई अंदर बैठकर बस की खाली सीटें दिखायेगा। एक भाजपाई ही दूसरे भाजपाई की खाली सीटे दिखायेगा।

# देश में नहीं है गैस और पैट्रोल भंडार की कोई कमी : महंत नारायण गिरी

### - जमाखोर और बिचौलिये कर रहे हैं जनता को भ्रमित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सरकार लगातार लोगों को ये यकीन दिला रही है कि देश में ऊर्जा का प्रर्याप्त भंडार है। वैकल्पिक तरीके भी बताये गये हैं, लेकिन सरकार के इन सब दावों के बाद भी गैस सिलेन्डर को लेकर अभी मारा मारी नहीं रूक रही है। युद्ध का कितना असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ा है इसको लेकर महंत नारायण गिरी ने दैनिक करंट क्राइम से बात की। उन्होंने कहा कि सबसे पहले तो देवाधिदेव महादेव से ये प्रार्थना है कि युद्ध विराम हो और पूरे देश में शांति कायम हो। उन्होंने कहा कि सभ्यता और सम्पन्नता शांति से आती है और युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं होता। महंत नारायण गिरी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस घड़ी में भारत शांति कायम करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। सभी देशों के बीच समन्वय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा से श्रीमदभागवत गीता के सिद्धांतों पर चलने वाले महान व्यक्तिव हैं। वो विश्व शांति के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। भारत एक बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है। गैस की किल्लत को लेकर महंत नारण गिरी ने कहा कि हमारे देश की जनता स्वाभिमानी है और हम हर चुनौती के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि देश में ऊर्जा का पूर्ण भंडार है। महंत नारायण गिरी ने लोगों से अपील की कि वे भ्रमित ना हों। सभी वस्तुएं प्रर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। देश के शत्रु , वो विचौलिये और जमाखोर वो है जो कृत्रिम संकट पैदा करके जनता को भ्रमित कर रहे हैं। महंत नारायण गिरी ने कहा कि पूरे देशको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास है।

# कीचड़ में धंसे बुजुर्ग को दमकल कर्मियों ने मौत के मुंह से निकाला

## तालाब में उतरकर चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन, अंधेरे के बावजूद भी की गई बचाव वाली कार्रवाई

### - आवारा कुत्तों ने कर दिया था बुजुर्ग पर हमला



**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** खोड़ा के पहला पुस्ता इलाके में गुरुवार रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एक बुजुर्ग व्यक्ति तालाब में गिरकर गहरे कीचड़ में फंस गया। दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई और साहसिक रेस्क्यू के चलते उसकी जान बचा ली गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया घटनाक्रम मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के अनुसार, रात 8:27 बजे फायर स्टेशन वैशाली को सूचना प्राप्त हुई कि यूपी गेट के पास एक व्यक्ति तालाब में गिर गया है। सूचना मिलते ही प्रभारी अग्निशमन अधिकारी अपनी डिजास्टर/रेस्क्यू वैन के साथ तत्काल मौके के लिए रवाना हुए।

मौके पर पहुंचने पर पाया गया कि करीब 65-66 वर्षीय व्यक्ति तालाब के किनारे गहरे कीचड़ में फंसा हुआ है और स्वयं बाहर निकलने में असमर्थ है।

### कुत्तों के हमले से बचने के दौरान हुआ हादसा

करंट क्राइम : प्राथमिक जांच में सामने आया कि बुजुर्ग धर्मपाल (पुत्र रामस्वरूप), निवासी जनपद एटा, हल्के नशे की हालत में थे। इसी दौरान आवारा कुत्तों ने उन पर हमला कर दिया, जिससे बचने के प्रयास में वह तालाब के किनारे फिसलकर कीचड़ में जा गिरे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दमकल कर्मियों ने बिना देरी किए तालाब और कीचड़ में उतरकर रेस्क्यू अभियान शुरू किया। रस्सियों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद बुजुर्ग को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

### समय पर कार्रवाई बनी जीवनरक्षक



करंट क्राइम : सीएफओ राहुल पाल ने कहा है कि रेस्क्यू के बाद टीम ने साफ पानी से कीचड़ हटाकर उन्हें प्राथमिक सहायता दी। मौके पर स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। वहीं कहा जा रहा है कि नोएडा जैसा हादसा भी टल गया। वहीं घटना के बाद प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों ने कहा कि अगर थोड़ी भी देर होती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। दमकल विभाग की मुस्तैदी से एक जान बच गई और संभावित बड़ी त्रासदी टल गई। इस घटना ने एक बार फिर साबित किया कि आपदा के समय त्वरित और साहसिक कार्रवाई ही जीवन बचाने का सबसे बड़ा जरिया होती है।

### गाजियाबाद के भगवा चेहरे कर रहे हैं पश्चिम बंगाल में काम

# तीन महीनों से डाल रखा है डेरा और सोशल मीडिया से बना रखी है दूरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा अपने चुनावी चक्रव्यूह को उन राज्यों में तैयार कर ही है जिन राज्यों में उसकी सरकार नहीं है। भाजपा की रणनीति पश्चिम बंगाल को लेकर मजबूत है। यहां वो ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस का सफाया करना चाहतीहै और कमल सरकार बनाना चाहती है। यहां भाजपा ने अपनी पार्टी के उन चेहरों को लगाया है जो सियासत के मजबूत रणनीतिकार माने जाते हैं। इन चेहरों में उत्तर प्रदेश के कई कददावर नेता है। सूत्र बताते हैं कि यूपी वाली इस लिस्ट में गाजियाबाद के भी लगभग 4 से 6 चेहरे मौजूद हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि ये चेहरे बिल्कुल साईलेंट तरीके से अपना काम कर रहे हैं। ये चेहरे तीन महीने से पश्चिम बंगाल में डेरा डाले हुए हैं और उन्होंने वहां की चुनावी एक्टिविटी का कोई फेरा ना तो फेसबुक पर लगाया है और ना व्हाटसअप पर कुछ बताया है। पश्चिम बंगाल के चुनाव को लेकर इन नेताओं को भी पैगाम दे दिया गया है। सभी को इस बात के सख्त निर्देश हैं कि वो पश्चिम बंगाल में अपना कोई भी फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड ना करें। पश्चिम बंगाल में पहले चरण का चुनाव है और इस चुनाव में गाजियाबाद के जिन चेहरों ने डेरा डाला हुआ है उनमें लोनी से लेकर मुरादनगर के चेहरे शामिल हैं। ये सभी पुराने चेहरे हैं और चुनावी रणनीति से लेकर रैली मैनेजमेंट के मास्टर माने जाते हैं। सभी को निर्देश हैं कि वो ऑफलाईन रहें और रणनीति को गोपनीय रखें। पंश्चिम बंगाल के चुनाव में जो चेहरे लगे हुए हैं उनमें से कई ने तो अपने परिवार से भी बात नहीं की है किसी ने दुनिया से दूरी बनाई हुई है। बताया ये जा रहा है कि अभी जो मेहनत शांत तरीके से हो रही है अगर उस मेहनत का फल सुखद रहा और नतीजे पक्ष में आये तो वहां मेहनत कर रहे गाजियाबाद के भाजपाई चेहरों की राजनीति में बूम आ जायेगा। एक बड़ा प्रमोशन उन्हें मिल सकता है। फिलहाल पश्चिम बंगाल में गाजियाबाद ने दस्तक दे दी है और बेहद शांत तरीके से ये चेहरे काम कर रहे हैं।

### एनएच-9 पर खौफनाक हादसा

# खराब कैंटर को मारी जोरदार टक्कर बीच में दबकर मोहम्मद कैफ की मौत



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** क्षेत्रांतर्गत एनएच नौ जिला जेल कट के सामने खराब केन्टर को गाजियाबाद से हापुड़ खींचकर ले जा रहे केन्टर चालक की दोनों गाड़ियों के बीच दबकर मृत्यु हो गई जबकि दो चालक घायल हो गये। एसीपी मसूरी लिपी नगायच ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह सड़क हादसे में केन्टर चालक की अस्पताल में मौत हो गई जबकि दो घायलों का उपचार चल रहा है। एनएच नौ पर गाजियाबाद से हापुड़ जाने वाले रोड पर जेल कट के सामने बृहस्पतिवार सुबह छह बजे एक सड़क हादसा हो गया। खराब केंटर दूसरी केन्टर से रस्सी बांधकर खींचकर ले जाते समय अचानक रस्सी टूट गई, जिसे दोबारा बांधते हुये पीछे से आ रही तीसरी केन्टर ने टक्कर मार दी। जिससे रस्सी बांध रहे केन्टर चालक मोहम्मद कैफ 25 पुत्र शमशाद निवासी ग्राम खिचरा धौलाना हापुड़ व अमरनाथ तथा पीछे से आई तीसरे केन्टर चालक संदीप 40 पुत्र रामजस पांडे निवासी मोतीनगर दिल्ली घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से मौहम्मद कैफ को पिलखुआ के रामा अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि संदीप और अमरनाथ को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डासना में भर्ती कराया गया। मोहम्मद कैफ की इलाज के दौरान रामा अस्पताल में मृत्यु हो गई। पुलिस ने कैफ के शव को मेडिकल परिक्षण के लिए भेजा। दुर्घटना के बाद एनएच नौ पर जाम लग गया, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों वाहनों को हटवाकर एक साइड किया।

## संपादकीय

# रेलवे नियम, बढ़ती परेशानी

राजस्व बढ़ाने की रेलवे की चिंता वाजिब हो सकती है, लेकिन उसे इस बात पर भी गंभीरता से विचार करना होगा कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है। कुछ माह पहले जब लंबी दूरी की रेलगाड़ियों का किराया बढ़ाया गया था, तब यह उम्मीद थी कि यात्रियों की सुविधाओं और उनकी दिक्कतों पर भी ध्यान दिया जाएगा, लेकिन ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला। अब सरकार के एक नए फैसले ने यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। नए नियमों के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति रेलगाड़ी के रवाना होने के निर्धारित समय से आठ घंटे पहले अपना टिकट रद्द कराता है, तो उसे कोई पैसा वापस नहीं मिलेगा। जबकि पहले यह समय सीमा चार घंटे की थी। कई बार ऐसा होता है कि लोगों को निजी कारणों से अंतिम समय में यात्रा रद्द करनी पड़ती है, मगर अब ऐसा करना जेब पर भारी पड़ेगा। हालांकि, सरकार का दावा है कि इससे प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों को सीट पाने के ज्यादा अवसर मिलेंगे और इससे टिकटों की कालाबाजारी पर भी रोक लगेगी। मगर सवाल है कि टिकटों की कालाबाजारी रोकने के लिए क्या कोई दूसरा रास्ता नहीं निकाला जा सकता था, जिससे आम यात्रियों को आपात स्थिति में टिकट रद्द करने पर वित्तीय नुकसान न झेलना पड़े? यह निराशाजनक ही है कि रेलगाड़ियों के संचालन से लेकर सुविधाओं में व्यवस्थागत खामियों को दूर करने के बजाय यात्रियों के हितों को हाशिये पर रखा जा रहा है। इसमें दोराय नहीं कि लंबी दूरी की यात्रा के लिए रेलगाड़ियां आम आदमी की जीवन रेखा मानी जाती हैं। मगर इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि रेलवे के आधुनिकीकरण की कवायद के बीच यात्रियों की बुनियादी सुविधाओं में सुधार करने को आज भी प्राथमिकता नहीं दी जाती है।

रेलगाड़ियों में किफायती और सुरक्षित खान-पान के अभाव से लेकर साफ-सफाई की शिकायतें कम नहीं हो रही हैं। इन समस्याओं का समाधान करने के बजाय ऐसे नियम लागू किए जा रहे हैं, जिससे यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई है। राजस्व बढ़ाने की रेलवे की चिंता वाजिब हो सकती है, लेकिन उसे इस बात पर भी गंभीरता से विचार करना होगा कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है। भारत का रेल नेटवर्क दुनिया के सबसे बड़े रेल नेटवर्क में से एक है।

रेलगाड़ियों के संचालन से लेकर सुविधाओं में व्यवस्थागत खामियों को दूर करने के बजाय यात्रियों के हितों को हाशिये पर रखा जा रहा है। इसमें दोराय नहीं कि लंबी दूरी की यात्रा के लिए रेलगाड़ियां आम आदमी की जीवन रेखा मानी जाती हैं। मगर इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि रेलवे के आधुनिकीकरण की कवायद के बीच यात्रियों की बुनियादी सुविधाओं में सुधार करने को आज भी प्राथमिकता नहीं दी जाती है। पहले नंबर पर अमेरिका, दूसरे पर चीन और तीसरे पर रूस के बाद भारतीय रेल नेटवर्क चौथे स्थान पर है। हमारे रेल नेटवर्क की कुल लंबाई लगभग 68,000 किलोमीटर है।

# एशियाई शेयर बाजारों में गिरावट निवेशकों में सतर्कता बढ़ी



### क्या रहा अमेरिकी बाजार का हाल?

बुधवार को वॉल स्ट्रीट के शेयर बाजार में तेजी के साथ कारोबार समाप्त हुआ। एसएंडपी 500 में 0.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 6,591.90 पर पहुंच गया। डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 0.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 46,429.49 पर पहुंच गया, जबकि नैस्डैक कंपोजिट में 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 21,929.83 पर बंद हुआ। अमेरिकी वायदा बाजार में 0.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

**नई दिल्ली।** एशियाई शेयर बाजारों में गुरुवार को ज्यादातर गिरावट दर्ज की गई, जबकि कच्चे तेल की कीमतों में बढ़त देखने को मिली।

निवेशकों के बीच सतर्कता का माहौल बना हुआ है, क्योंकि ईरान से जुड़े युद्ध में तनाव कम होने को लेकर अभी भी स्पष्टता नहीं है।

### टोक्यो का निक्केई 225 सूचकांक 0.3 प्रतिशत गिरकर 53,607.75 पर कारोबार कर रहा था।

- दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक 1.9 प्रतिशत गिरकर 5,537.30 पर आ गया।
- हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक 1.4 प्रतिशत गिरकर 24,978.71 पर आ गया।
- शंघाई कंपोजिट सूचकांक 0.6 प्रतिशत गिरकर 3,909.16 पर पहुंच गया।
- ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 इंडेक्स 0.2 प्रतिशत नीचे गिर गया।

ताइवान का ताइएक्स इंडेक्स 0.4 प्रतिशत ऊपर कारोबार कर रहा था।

### तेल की कीमतों में आया 1.3% का उछाल

गुरुवार को तेल की कीमतों में शुरूआती गिरावट के बाद फिर से उछाल आया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 1.3 प्रतिशत बढ़कर 98.51 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया। बुधवार को यह 95 अमेरिकी डॉलर से नीचे था। अमेरिकी मानक क्रूड 1.6 प्रतिशत बढ़कर 91.75 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया।

### बाजार में दिखी सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट

गुरुवार की सुबह बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। सोने की कीमत 0.8 प्रतिशत गिरकर 4,513.90 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गई। चांदी की कीमत में 0.9 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 71.97 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर आ गई। अमेरिकी डॉलर 159.47 जापानी येन से गिरकर 159.42 जापानी येन पर आ गया।

# लंदन हाईकोर्ट ने नीरव मोदी की प्रत्यर्पण के खिलाफ याचिका खारिज की, कहा- भारत के आश्वासन पर भरोसा



### भारत सरकार के आश्वासन में क्या कहा गया है?

पीठ ने कहा कि भारत सरकार के आश्वासन कुछ भी गड़बड़ या अस्पष्टता नहीं हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नीरव मोदी को आर्थर सड़क जेल में रखने की विस्तृत योजना भेजी थी। इसमें उसे मिलने वाली सुविधाएं और मुकदमे के दौरान कानूनी सहायता शामिल थी। ये आश्वासन गृह मंत्रालय के एक सक्षम अधिकारी की ओर से दिए गए थे। ये आश्वासन भारत सरकार, महाराष्ट्र राज्य और पांच जांच एजेंसियों पर बाध्यकारी हैं। अदालत ने कहा कि भारत यातना के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र समझौते का हस्ताक्षरकर्ता नहीं है, पर भारतीय कानून में यातना की अनुमति नहीं है।

### भारत के आश्वासन गलत साबित हुए तो क्या होगा?

अदालत ने अपने फैसले में कहा कि ये आश्वासन राजनयिक स्तर पर महत्वपूर्ण हैं। किसी भी उल्लंघन के परिणाम भारत और ब्रिटेन के बीच संबंधों के लिए अत्यंत हानिकारक होंगे। विशेषकर नीरव मोदी जैसे हाई-प्रोफाइल व्यक्ति के संदर्भ में यह महत्वपूर्ण है। क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस के वकील ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) टीम की सहायता से मोदी की याचिका के खिलाफ मजबूती से तर्क दिए। सीबीआई के जांच अधिकारियों सहित एक टीम सुनवाई के लिए लंदन गई थी।

**नई दिल्ली।** लंदन हाईकोर्ट ने भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी की प्रत्यर्पण के खिलाफ मामले को फिर से खोलने की याचिका खारिज कर दी है। यह फैसला भारत सरकार की ओर से दिए गए आश्वासनों की गुणवत्ता पर आधारित था। मोदी पंजाब नेशनल बैंक के 13,000 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले में भारत में वांछित है। उसने संजय भंडारी के मामले के आधार पर अपनी याचिका दायर की थी।

भगोड़े आर्थिक अपराधी संजय भंडारी के मामले में भारतीय एजेंसियों द्वारा यातना की संभावना पर प्रत्यर्पण रद्द कर दिया गया था। लंदन उच्च न्यायालय ने मानवाधिकारों के आधार पर भंडारी को प्रत्यर्पण आदेश से मुक्त कर दिया था। उच्च न्यायालय की पीठ में लॉर्ड जस्टिस स्टुअर्ट स्मिथ और जस्टिस जय ने नीरव मोदी का मामला फिर से खोलने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। उन्होंने भारत सरकार के नोट वर्बल में दिए गए आश्वासनों पर भरोसा किया।

अदालत ने कहा कि यदि भारत सरकार के आश्वासन नहीं होते, तो वे अपील को फिर से खोलने पर विचार कर सकते थे। पीठ ने मुंबई में जेल से अदालत तक यात्रा के दौरान यातना के वास्तविक जोखिम के तर्क को खारिज कर दिया। अदालत ने भारत और ब्रिटेन के बीच आपसी विश्वास और संधि समझौतों को महत्वपूर्ण माना। हालांकि, मोदी के वकील फिट्जगेराल्ड ने कुछ हलफनामे के सबूतों पर सवाल उठाए थे।

सीबीआई प्रवक्ता ने 25 मार्च को एक बयान में कहा कि यह याचिका भंडारी से जुड़े मामले में फैसले के आधार पर दायर की गई थी।

# भारत का गोल्ड सेक्टर बदल रहा रूप, खपत से निवेश की ओर बढ़ता रुझान



**नई दिल्ली।** भारत का स्वर्ण (गोल्ड) क्षेत्र इस समय बड़े संरचनात्मक बदलाव के दौर से गुजर रहा है, जहां मांग का स्वरूप खपत आधारित से निवेश आधारित होता जा रहा है। आईसीआरए और एसोचैम की संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार, देश में घरेलू खनन उत्पादन बेहद कम होने के कारण भारत अब भी सोने के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है।

रिपोर्ट में इस निर्भरता को कम करने के लिए संगठित रिफाइनिंग और रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देने की जरूरत पर जोर दिया गया है। साथ ही, गोल्ड डोरे (कच्चा सोना) पर कम आयात शुल्क बनाए रखने और ऋऋऋ मानकों वाले बार्स को व्यापक स्वीकार्यता देने की सिफारिश की गई है, ताकि घरेलू रिफाइनर वित्तीय बाजारों से बेहतर जुड़ सकें। इसके अलावा, गोल्ड मॉनेटाइजेशन स्कीम (ऋऋट) को फिर से प्रभावी बनाने की जरूरत बताई गई है, क्योंकि शुरूआत से ही इसमें सीमित भागीदारी देखने को मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक, भावनात्मक जुड़ाव और पारंपरिक सोच के कारण लोग अपने आभूषण इस योजना में शामिल करने से हिचकते हैं। रिपोर्ट ने सुझाव दिया है कि योजना को सरल बनाया जाए, इसके लाभों के बारे में बेहतर जानकारी दी जाए और संगठित ज्वैलर्स को इस प्रक्रिया में शामिल कर लोगों का भरोसा बढ़ाया जाए।

### तेलंगाना में निवेश की बड़ी छलांग, दावोस से 2.19 लाख करोड़ के 44 समझौते

तेलंगाना सरकार ने वैश्विक निवेश आकर्षित करने की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है। राज्य के उद्योग मंत्री श्रीधर बाबू ने गुरुवार को विधानसभा में बताया कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की 2024 और 2025 में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (दावोस) यात्राओं के दौरान कुल 44 समझौता ज्ञापनों (टङ्गव२) पर हस्ताक्षर किए गए, जिनकी कुल निवेश राशि 2.19 लाख करोड़ रुपये है। मंत्री ने कहा कि ये सभी निवेश प्रस्ताव फिलहाल विभिन्न चरणों में लागू हो रहे हैं और इनसे राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद है। इन परियोजनाओं के माध्यम से करीब 68,150 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने का अनुमान है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेंगे।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि राज्य सरकार ने भूमि आवंटन के जरिए अब तक 1,540 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। सरकार का फोकस निवेश को जमीन पर उतारने और रोजगार सृजन को गति देने पर है, ताकि तेलंगाना को प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में और मजबूत किया जा सके।

# ईरान तनाव से तेल बाजार में उबाल, ब्रेंट क्रूड 98 डॉलर के पार

## ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच सप्लाई बाधित होने की आशंका, निवेशकों में बढ़ी चिंता

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में गुरुवार को कच्चे तेल की कीमतों में फिर तेजी देखने को मिली। शुरूआती गिरावट के बाद कीमतों ने मजबूती पकड़ी, जिससे बाजार में उतार-चढ़ाव का रुख बना हुआ है। ब्रेंट क्रूड 1.3 प्रतिशत बढ़कर 98.51 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इससे एक दिन पहले बुधवार को यह 95 डॉलर प्रति बैरल से नीचे कारोबार कर रहा था। वहीं अमेरिकी बेंचमार्क क्रूड की कीमत भी 1.6 प्रतिशत बढ़कर 91.75 डॉलर प्रति बैरल हो गई।



### ईरान ने ठुकराया युद्धविराम का प्रस्ताव

तेल की कीमतों में यह वृद्धि ऐसे समय में हुई जब तेहरान ने बुधवार को अमेरिका द्वारा प्रस्तावित युद्धविराम योजना को खारिज कर दिया। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने ईरान को 15 सूत्री प्रस्ताव दिया था और ट्रम्प ने इस सप्ताह ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए मजबूर करने के उद्देश्य से अपने बिजली संयंत्रों को नष्ट करने की स्वयं निर्धारित समय सीमा को स्थगित कर दिया था।

ईरान ने भी इस्राइल और खाड़ी अरब देशों पर और हमले शुरू कर दिए, जबकि इस्राइल ने तेहरान पर हवाई हमले किए और अमेरिका ने इस क्षेत्र में और अधिक अमेरिकी सैनिकों को तैनात करने की तैयारी की।

### होर्मुज में बढ़ते तनाव से पड़ रहा असर

ईरान और ओमान के बीच स्थित होर्मुज जलडमरूमध्य, जो कि एक महत्वपूर्ण जलमार्ग है और जहां से दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से के तेल का परिवहन होता है, ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से काफी हद तक बंद है। इसके चलते तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया है और युद्ध की शुरूआत से लेकर अब तक लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो अब अपने चौथे सप्ताह में है।

# रोचक तथ्यों का करंट

- एक हैकर एक तस्वीर से जर्मन रक्षा मंत्री के फिंगरप्रिंट को फिर से बनाने में सक्षम था। यह वही हैकर है जिसने आईफोन 5 एस के रिलीज के 24 घंटे के भीतर ऐप्पल के थंबप्रिंट सत्यापन को हरा दिया था।
- विलियम हर्शेल 2 किसी अनुबंध/कॉन्ट्रैक्ट पर फिंगरप्रिंट का उपयोग करने वाला पहला व्यक्ति था। इसके अलावा, वह खगोलविद जॉन हर्शेल का बेटा था जिसने फोटोग्राफी का आविष्कार किया, जो कि अन्य चीजों के साथ यूरेनस के खोजकर्ता विलियम हर्शेल का पुत्र भी था।
- संयुक्त राज्य अमेरिका में ९मारिजुआना/गाँजा वेंडिंग मशीन९ हैं जो निर्धारित उपयोगकर्ताओं को मारिजुआना के औषधीय खुराक को प्राप्त करने के लिए अपने फिंगरप्रिंट स्कैन करने की अनुमति देती हैं।
- Adermatoglyphia एक बीमारी है जिसकी वजह से लोग फिंगरप्रिंट के बिना पैदा होते हैं। लेकिन यह बहुत दुर्लभ है, जो दुनिया भर में केवल चार ज्ञात विस्तारित परिवारों को ही प्रभावित करती है।
- कुवैत में दुनिया की सबसे पुरानी फिंगरप्रिंट पाषाण युग से मेल खाने वाले टूटे हुए मिट्टी के बर्तन के टुकड़े पर खोजी गई थी। यह फिंगरप्रिंट 7,300 साल पुराना है।
- क्या आप जानते हैं? ऐप्पल का आईफोन टच आईडी एक जीवित और मृत व्यक्ति के फिंगरप्रिंट के बीच एक अंतर बता सकती है, इसलिए यदि आप मर चुके हैं तो कोई भी आपकी टच आईडी का उपयोग करके अपने आईफोन में नहीं पहुंच पाएगा।

# राशिफल

**मेष:** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। किसी मांगलिक कार्य में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

**वृष:** यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**मिथुन:** चोट व दुर्घटना आदि से हानि के योग हैं। अत: किसी भी काम को करते समय लापरवाही न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कर्क:** डूबा हुआ धन प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। बेरोजगारी दूर होगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं।

**सिंह:** नए कारोबारी अनुबंध हो सकते हैं। दूर से काम मिल सकता है। आर्थिक नीति में सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी।

**कन्या:** तंत्र-मंत्र में रुचि जागृत होगी। सत्संग का लाभ प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। रुके कामों में गति आएगी।

**तुला:** चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। किसी भी तरह के विवाद में न पड़ें। बोलचाल में हल्केपन को न वापरें।

**वृश्चिक:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यस्तता रहेगी। शत्रु पस्त होंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

**धनु:** संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** पठन-पाठन व लेखन इत्यादि काम सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**कुंभ:** दूर से कोई बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। किसी अपने ही व्यक्ति से बिना कारण विवाद को हो सकता है। दौड़धूप अधिक रहेगी।

**मीन:** नौकरी में कोई नया काम कर पाएंगे। उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

### सरकार का भरोसा: देश में पेट्रोल-डीजल और LPG की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित

नई दिल्ली। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने देश में पेट्रोलियम और एलपीजी की आपूर्ति को लेकर गुरुवार को भी स्थिति साफ की। पेट्रोलियम मंत्रालय की ओर से जारी बयान में बताया गया कि भारत में ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित और नियंत्रण में है। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। सभी खुदरा ईंधन दुकानों पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी उपलब्ध है। देश के किसी भी हिस्से में इन आवश्यक ईंधनों की कोई कमी नहीं है। मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया कि आपूर्ति श्रृंखला सुचारू रूप से काम कर रही है। सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

# चुटकुले

पत्नी: तुम मुझे कितना प्यार करते हो?
पति: जितना तुम सोच भी नहीं सकती
पत्नी: फिर भी बताओ
पति: इतना कि तुम्हारे बिना चैन से सो सकता हूँ

---

टीचर: अगर तुम्हारे पास 10 आम हैं और 2 खा लिए तो कितने बचे?
बच्चा: 10
टीचर: कैसे?
बच्चा: आम तो मेरे पास ही हैं, पेट में गए हैं कहीं नहीं

---

डॉक्टर: आपको आराम की जरूरत है ये लो नींद की गोली
मरीज: कब खानी है?
डॉक्टर: पड़ोसी को दे देना

---


पापा: बेटा, आगे का क्या प्लान है?
बेटा: बस पापा, मोबाइल चार्ज हो जाए फिर सोचता हूँ

---

बीवी: सुनो जी, मेरी याददाश्त बहुत कमजोर हो गई है
पति: अच्छा कब से?
बीवी: कब से क्या?

---

टीचर: Homework क्यों नहीं किया?
स्टूडेंट: सर light चली गई थी
टीचर: तो दिन में कर लेते
स्टूडेंट: सर, दिन में तो नींद आ रही थी




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

27 Mar -26 page 5 26-03-2026 22:48 Page 1





# अधूरे काम को पूरा करना चाहती हैं मीराबाई चानू

## एशियाई खेलों की तैयारी पर भी दिया बयान



**नई दिल्ली।** अब 31 वर्षीय चानू महाद्वीपीय प्रतियोगिता में संभवतः अपने अंतिम प्रयास की तैयारी कर रही हैं और उनका लक्ष्य अपने शानदार करियर में इस एकमात्र कमी को पूरा करना है।

टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने कहा कि एशियाई खेलों में पदक जीतना इस साल उनका सबसे बड़ा लक्ष्य है। पिछले एक दशक से अधिक समय से मीराबाई चानू भारतीय भारोत्तोलन का चेहरा रही हैं। उनके शानदार करियर में एशियाई खेलों का पदक ही एकमात्र ऐसी उपलब्धि है, जो अभी तक उनके खाते में नहीं जुड़ पाई है। उनके पास तोक्यो ओलंपिक का रजत, विश्व चैंपियनशिप के तीन पदक और राष्ट्रमंडल खेलों में भी तीन पदक हैं।

चानू ने यहां खेलो इंडिया जनजातीय खेलों (केआईटीजी) के उद्घाटन समारोह के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'एशियाई खेल मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वहां मेरा काम पूरा नहीं हुआ है। एशियाई खेलों में प्रतिस्पर्धा का स्तर बहुत ऊंचा होता है, जिससे यह और चुनौतीपूर्ण और रोमांचक बन जाता है।'

एशियाई खेलों में चानू का सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा है। उन्होंने 2014 एशियाई खेलों में पदार्पण करते हुए नौवां स्थान हासिल किया था, जबकि पीठ की चोट के कारण उन्हें 2018 संस्करण से बाहर रहना पड़ा। वह 2022 एशियाई खेलों में पदक के सबसे करीब पहुंची थीं, लेकिन कूल्हे की चोट के कारण अहम समय पर उनका अभियान प्रभावित हुआ और वह पदक से मामूली अंतर से चूक गईं।

अब 31 वर्षीय चानू महाद्वीपीय प्रतियोगिता में संभवतः अपने अंतिम प्रयास की तैयारी कर रही हैं और उनका लक्ष्य अपने शानदार करियर में इस एकमात्र कमी को पूरा करना है। इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों और 19 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेलों के बीच वजन संतुलन बनाना उनके लिए बड़ी चुनौती होगा। वह राष्ट्रमंडल खेलों में 48 किग्रा वर्ग में हिस्सा लेंगी, जबकि एशियाई खेलों के लिए फिर से 49 किग्रा वर्ग में वापसी करेंगी।

उन्होंने कहा, 'मैं राष्ट्रमंडल खेलों तक अपना वजन 48 किग्रा के भीतर रखूंगी, लेकिन इसके दो महीने बाद ही एशियाई खेल हैं जो 49 किग्रा वर्ग में हैं, इसलिए मुझे फिर से बदलाव करना होगा।' चानू ने खेलो इंडिया जनजातीय खेलों की शुरूआत की सराहना करते हुए इसे दूरदराज के इलाकों के खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण मंच बताया।

# हैदराबाद को शीर्ष क्रम से आस, आंकड़ों में आरसीबी पर भारी है सनराइजर्स का पलड़ा कोहली पर होगी नजर

**बंगलूरू।** आईपीएल 2026 सीजन का काउंटडाउन शुरू हो गया है और पहले मैच में गत चैंपियन आरसीबी का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। आंकड़ों में सनराइजर्स का पलड़ा भारी है, लेकिन आरसीबी की टीम बेहद संतुलित नजर आ रही है।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें सीजन का पहला मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच 28 मार्च को बंगलूरू के एम. चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। आंकड़ों में आरसीबी के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद का पलड़ा भारी रहा है। आईपीएल इतिहास में इन दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 25 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से 13 मैच सनराइजर्स हैदराबाद ने जीते हैं, जबकि 11 मुकाबलों में आरसीबी को जीत नसीब हुई है। वहीं, एक मुकाबला बेनतीजा रहा है।



### शीर्ष क्रम पर रहेगी जिम्मेदारी

दूसरी ओर, सनराइजर्स हैदराबाद एक बार फिर अपने शीर्ष क्रम पर निर्भर होगी। अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड और ईशान किशन की तिकड़ी से हैदराबाद को दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में ईशान शुरूआती मुकाबलों में टीम की कमान संभालते हुए भी नजर आएंगे। हेनरिक क्लासन पिछले सीजन टीम की ओर से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे।

रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी का प्रदर्शन पिछले सीजन शानदार रहा था। आरसीबी ने 18 साल का सूखा खत्म करते हुए पहली बार खिताब को अपने नाम किया था। बल्लेबाजी में विराट कोहली और फिल सॉल्ट पिछले सीजन टीम को तूफानी शुरूआत देने में सफल रहे थे। कोहली-सॉल्ट की सलामी जोड़ी आगामी सीजन में भी टीमों के लिए बड़ा सिरदर्द बन सकती है। वहीं, देवदत्त पडिक्कल के लिए घरेलू सीजन कमाल का रहा है। पडिक्कल इस बार नंबर तीन पर खेलते हुए दिखाई दे सकते हैं।

वहीं, रोमारियो शेफर्ड और क्रुणाल पांड्या से इस सीजन भी टीम को धमाकेदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। वेंकटेश अय्यर के आने से टीम का बल्लेबाजी क्रम अब और भी ज्यादा संतुलित दिख रहा है।

फिनिशर के तौर पर अनिकेत वर्मा आईपीएल 2025 में अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी से खासा प्रभावित किया था। नीतीश कुमार रेड्डी इस सीजन शानदार प्रदर्शन के बूते छाप छोड़ना चाहेंगे, जबकि लियाम लिविंगस्टन से भी हैदराबाद टीम को काफी उम्मीदें होंगी। सनराइजर्स हैदराबाद का गेंदबाजी आक्रमण काफी कमजोर नजर आ रहा है। कमिंस की गैरमौजूदगी में ईशान मलिंगा, हर्षल पटेल और जयदेव उनादकट तेज गेंदबाजी अटैक की कमान संभालेंगे। स्पिनर के तौर पर भी सनराइजर्स हैदराबाद के पास कोई बड़ा नाम मौजूद नहीं है।

### क्या है बंगलूरू के लिए चिंता का विषय

- आरसीबी के लिए बुरी खबर यह है कि टीम के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड शुरूआती मुकाबलों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।
- हेजलवुड की गैरमौजूदगी में भुवनेश्वर कुमार के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी होगी।
- यश दयाल की सुविधाएं भी टीम को इस सीजन नहीं मिल पाएंगी।
- न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी का प्रदर्शन भी आरसीबी टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा।

# आरसीबी की ब्रांड वैल्यू 450 करोड़ से 16,500 करोड़ पहुंची

## विजय माल्या खुश; कहा- मेरी दीवानगी ने बनाई अरबों की टीम





**बंगलूरू।** आरसीबी की वैल्यूएशन 450 करोड़ रुपये से बढ़कर 16,500 करोड़ रुपये पहुंच गई है, जिसके बाद विजय माल्या ने अपनी दीवानगी को सही साबित बताया। आदित्य बिड़ला ग्रुप की अगुआई में टीम खरीदी गई है। यह डील आईपीएल की बढ़ती आर्थिक ताकत और वैश्विक लोकप्रियता को दर्शाती है।

आईपीएल 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इतिहास रच दिया। दोनों ही टीमों के लिए ऐतिहासिक सौदा देखने को मिला। आरसीबी को 16000+ करोड़ रुपये की भारी-भरकम कीमत पर खरीदा गया। इस फ्रेंचाइजी को भगोड़े विजय माल्या ने 2008 में 450 करोड़ रुपये में खरीदा था। तब से अब तक, इसके ब्रांड वैल्यू में लगभग 37 गुना की बढ़ोतरी हो चुकी है। इस डील के बाद पूर्व मालिक विजय माल्या ने अपने आलोचकों पर निशाना साधते हुए बड़ा बयान दिया है।

आगे उन्होंने कहा, 'यह देखकर बेहद सुकून पहुंचता है कि मेरा 450 करोड़ रुपये का निवेश बढ़कर 16,500 करोड़ रुपये हो गया। आरसीबी हमेशा मेरे डीएनए का हिस्सा रहेगी, इससे जुड़ी यादें हमेशा रहेंगी, खासकर उस समय की जब हमने युवा विराट कोहली को चुना था, जो आज दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों में शामिल हैं। सभी आरसीबी फैंस का धन्यवाद, जिन्होंने हमेशा टीम का समर्थन किया। कृपया आगे भी आरसीबी यानी बंगलूरू के शेरों का साथ देते रहें। नमस्कार।'

### आदित्य बिड़ला ग्रुप की अगुआई में हुआ सौदा


आरसीबी को एक बड़े कंसोर्टियम ने खरीदा है, जिसकी अगुआई आदित्य बिड़ला ग्रुप कर रहा है। इस डील में द टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप, बोल्ट वेंचर्स और ब्लैकस्टोन भी शामिल हैं। यह सौदा अभी बीसीसीआई और सीसीआई की मंजूरी के अधीन है। आरसीबी की इस बड़ी डील के बाद विजय माल्या ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर की और आलोचकों को करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'मैं आरसीबी के नए मालिकों को दिल से बधाई देना चाहता हूं। उन्हें शुभकामनाएं देता हूं कि वे इस सबसे कीमती आईपीएल फ्रेंचाइजी को आगे ले जाएं। जब मैंने 2008 में 450 करोड़ रुपये में यह टीम खरीदी थी, तब ज्यादातर लोगों ने मेरा मजाक उड़ाया और इसे मेरी दिखावा बताया था, लेकिन मेरी तथाकथित दीवानगी के पीछे रॉयल चैलेंज ब्रांड को खड़ा करने की सोच थी, इसलिए मैंने टीम का नाम आरसीबी रखा।'

### आईपीएल की बढ़ती ताकत और बाजार

आरसीबी की यह डील सिर्फ एक टीम की बिक्री नहीं, बल्कि आईपीएल की बढ़ती ताकत का उदाहरण है। आईपीएल की कुल वैल्यूएशन अब लगभग 18.5 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुकी है। इसके पीछे मीडिया राइट्स, स्पॉन्सरशिप और ग्लोबल फैनबेस का बड़ा योगदान है। आरसीबी के साथ-साथ राजस्थान रॉयल्स की भी बड़ी डील हुई है, जिसे काल सोमानी के नेतृत्व में एक अमेरिकी कंसोर्टियम ने करीब 1.63 बिलियन डॉलर यानी 15000+ करोड़ रुपये में खरीदा। आरसीबी पहले यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेज के पास थी, जो डियाजियो की सहायक कंपनी है। कंपनी ने इसे नॉन-कोर एसेट मानते हुए बेचने का फैसला किया। अब नए निवेशकों के साथ आरसीबी के लिए एक नई शुरूआत होने जा रही है।

# रियल मैड्रिड की मेडिकल टीम की बड़ी लापरवाही

## गलत घुटने का होता रहा इलाज



**नई दिल्ली।** रियल मैड्रिड की मेडिकल टीम की बड़ी चूक ने किलियन एमबाप्पे की घुटने की चोट को गंभीर बना दिया। गलत घुटने की शुरूआती जांच के कारण लिगामेंट की चोट का पता लगाने में देरी हुई, जिससे उनकी परेशानी बढ़ गई।

इन दिनों फुटबॉल जगत में एक बड़ी खबर चर्चा में है, जिसने खिलाड़ियों की फिटनेस और मेडिकल सिस्टम को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। बता दें कि किलियन एमबाप्पे के दिसंबर में हुए घुटने के चोट मामले में नई जानकारी सामने आई है। मौजूद जानकारी के अनुसार, उनकी टीम रियल मैड्रिड के मेडिकल स्टाफ से शुरूआत में बड़ी चूक हो गई थी, जिससे सही चोट का पता लगाने में देरी हुई है।

गौरतलब है कि रिपोर्ट के मुताबिक शुरूआत में उनके दाएं घुटने का परीक्षण किया गया, जबकि चोट बाएं घुटने में थी। इस गलती के कारण शुरूआती जांच में कोई समस्या सामने नहीं आई और एमबाप्पे ने इसके बाद भी कुछ मुकाबले खेले। बाद में जब सही घुटने की जांच हुई, तब आंशिक लिगामेंट चोट का पता चला है।

बताते चलें कि यह समस्या 7 दिसंबर को सेल्टा वीगो के खिलाफ मुकाबले के दौरान शुरू हुई थी, जब उन्हें घुटने में चोट लगी थी। मौजूद जानकारी के अनुसार, दिसंबर के अंत में क्लब ने उनकी चोट को सामान्य मोच बताया था और इलाज के लिए सावधानी वाला तरीका अपनाया गया। इसके चलते वह कुछ अहम मुकाबलों से बाहर रहे, लेकिन धीरे-धीरे वापसी भी करते रहे।

गौरतलब है कि उनकी वापसी पूरी तरह आसान नहीं रही और फिटनेस को देखते हुए उन्हें सीमित समय के लिए मैदान पर उतारा गया। इसके बावजूद उन्होंने कई मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया और गोल भी किए।

बाद में जब घुटने में परेशानी बनी रही, तो उन्हें आगे की जांच और इलाज के लिए पेरिस भेजा गया। वहां मेडिकल टीम के साथ उनकी स्थिति का आकलन किया गया और फिर वह टीम में वापस शामिल हुए।

बताते चलें कि उन्होंने हाल ही में बड़े मुकाबलों में वापसी करते हुए अपनी टीम के लिए अहम योगदान दिया और इसके बाद अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए भी टीम से जुड़े। इस तरह देखा जाए तो शुरूआती मेडिकल गलती ने उनकी चोट को बढ़ा दिया, लेकिन सावधानी और प्रबंधन के जरिए अब वह धीरे-धीरे पूरी फिटनेस की ओर बढ़ रहे हैं और आने वाले मुकाबलों में उनकी भूमिका अहम रहने की उम्मीद है।

# क्या खतरे में है ऋषभ पंत की कप्तानी

## लखनऊ सुपरजाएंट्स के मालिक गोयनका ने किया स्पष्ट



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 का सीजन शुरू होने जा रहा है, लेकिन इससे पहले लखनऊ सुपरजाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत को लेकर तमाम तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। अब टीम के मालिका संजीव गोयनका ने इस रिपोर्ट्स को पूरी तरह खारिज कर दिया है।

लखनऊ सुपर जाएंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने कप्तान ऋषभ पंत को लेकर चल रही सभी अफवाहों को गलत बताया है। हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि आईपीएल 2026 से पहले पंत को कप्तानी से हटाया जा सकता है, लेकिन गोयनका ने इन खबरों को पूरी तरह खारिज कर दिया। उन्होंने साफ कहा कि ये सिर्फ 'फेक रिपोर्ट्स' हैं और टीम का पंत पर पूरा भरोसा है।

### गोयनका ने की पंत की तारीफ

गोयनका ने पंत के स्वभाव और समर्पण की तारीफ करते हुए उन्हें आने वाले सीजन के लिए शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा, ऋषभ पंत की कप्तानी के बारे में अटकलों को पढ़ा था और मुस्कुराया था। हमने उनके व्यक्तित्व और प्रतिबद्धता को जानने के लिए साथ में काफी समय बिताया है। आपका सीजन शानदार हो, कप्तान। दरअसल, आईपीएल 2025 में पंत का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था। लखनऊ ने उन्हें मेगा ऑक्शन में 27 करोड़ रुपये में खरीदा था, जिसके चलते उनसे काफी उम्मीदें थीं।

# अश्विन ने जताया संदेह
# अर्जुन तेंदुलकर को लखनऊ सुपर जाएंट्स की प्लेइंग इलेवन में जगह मिलना मुश्किल, भड़के योगराज



**नई दिल्ली।** अर्जुन तेंदुलकर को लेकर IPL 2026 से पहले विवाद छिड़ गया है। अश्विन ने उनके खेलने पर सवाल उठाए, जिस पर योगराज सिंह भड़क गए और कड़ी प्रतिक्रिया दी। योगराज का मानना है कि अर्जुन को सही तरीके से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा और उनमें बड़ा खिलाड़ी बनने की क्षमता है।

आईपीएल 2026 से पहले अर्जुन तेंदुलकर को लेकर बड़ी बहस छिड़ गई है। लखनऊ सुपर जाएंट्स में शामिल होने के बाद उनके खेलने की संभावनाओं पर सवाल उठे, जिस पर अब युवराज सिंह के पिता और पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है।

**अश्विन ने जताया संदेह**

भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि अर्जुन तेंदुलकर को लखनऊ सुपर जाएंट्स की प्लेइंग इलेवन में जगह मिलना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि टीम में पहले से ही मयंक यादव, मोहसिन खान, आवेश खान और मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाज मौजूद हैं, ऐसे में अर्जुन के लिए मौका बनाना कठिन होगा। अश्विन ने कहा, 'जब तक ज्यादा से ज्यादा गेंदबाज चोटिल नहीं होते, अर्जुन खेलते हुए नहीं दिख रहे हैं।'

**योगराज सिंह का पलटवार**

अश्विन के इस बयान पर पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह भड़क गए। योगराज ने इनसाइड स्पोर्ट्स से बात करते हुए अश्विन पर तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा, 'वह बेकार की बातें कर रहे हैं। यह अश्विन कौन होते हैं? किसी के बारे में क्या बोलना चाहिए, यह उन्हें समझना चाहिए। टीवी पर बैठकर कोई यह कहे कि वह यह नहीं कर सकता, वह नहीं कर सकता...अरे तुम होते कौन हो बोलने वाले?'

**अर्जुन की भूमिका पर अलग नजरिया:** योगराज सिंह, जो पहले अर्जुन को ट्रेनिंग दे चुके हैं, मानते हैं कि उन्हें गलत तरीके से एक गेंदबाज के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अर्जुन की बल्लेबाजी क्षमता काफी मजबूत है और अगर सही मार्गदर्शन मिले तो वह एक बेहतरीन ऑलराउंडर बन सकते हैं।

योगराज ने कहा, 'जब क्रिकेटर इस तरह की बातें करते हैं तो यह सही नहीं है। वह सचिन तेंदुलकर के बेटे हैं, यह अलग बात है। जब वह मेरे पास थे, मैंने युवराज से कहा था कि आप लोग अर्जुन को लेकर गलत चीजों पर ध्यान दे रहे हैं।

# विश्व कप फुटबॉल के अतिरिक्त टिकटों की बिक्री एक अप्रैल से वैश्विक संस्था फीफा ने की घोषणा



**नई दिल्ली।** फीफा ने घोषणा की है कि 2026 विश्व कप के टिकटों की अंतिम दौर की बिक्री एक अप्रैल से शुरू हो जाएगी। फीफा के अनुसार, दिसंबर और फरवरी के बीच हुई पिछली बिक्री में 10 लाख से अधिक टिकट बिक चुके हैं। अब बचे हुए अतिरिक्त टिकट टूनार्मेंट के अंत तक आम जनता के लिए उपलब्ध रहेंगे।

विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने बुधवार को घोषणा की कि विश्व कप टिकटों के अंतिम दौर की बिक्री एक अप्रैल से शुरू होगी। फीफा ने कहा कि दिसंबर और फरवरी के बीच पिछली बिक्री के अंत तक 10 लाख से अधिक टिकट बिक चुके थे और अतिरिक्त टिकट एक अप्रैल से टूनार्मेंट के अंत तक आम बिक्री के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे।

विश्व कप 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में आयोजित किया जाएगा। फीफा को टिकटों की कीमत को लेकर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। दिसंबर में टिकटों की बिक्री आम जनता के लिए शुरू की गई थी और तब फुटबॉल प्रेमियों ने फीफा पर विश्वासघात का आरोप लगाया था क्योंकि ग्रुप चरण का सबसे कम कीमत वाला टिकट 140 डॉलर का था जबकि फाइनल के टिकटों की कीमत 8680 डॉलर तक थी।

# भारतीय तीरंदाजों का दमदार प्रदर्शन, दो Bronze जीते दो टीमों की Final में एंट्री

**नई दिल्ली।** एशिया कप तीरंदाजी में भारतीय तीरंदाजों ने दो कांस्य पदक जीते, जबकि पुरुष रिकर्व और महिला कंपाउंड टीमों ने फाइनल में प्रवेश कर पदक पक्का कर लिया। पुरुष कंपाउंड और महिला रिकर्व टीम ने कांस्य पदक के मुकाबले जीते, जिससे भारत की पदक तालिका में वृद्धि हुई।

भारतीय तीरंदाजों ने एशिया कप विश्व रैंकिंग टूनार्मेंट के पहले चरण में बुधवार को दूसरे दिन दो कांस्य पदक जीते जबकि पुरूष रिकर्व और महिला कंपाउंड टीम स्पधाओं के फाइनल में भी प्रवेश कर लिया। महिला कंपाउंड टीम ने पिछली बार कांस्य जीता था लेकिन इस बार फाइनल खेलकर पदक का रंग बेहतर करेगी। चिकिथा तानीपर्थी, राज कौर और तेजल साल्वे की तिकड़ी ने स्थानीय खिलाड़ी कन्यावी मानीसोम्बात्कुल, कानोकनापुस काएचोम्फू और चानीदप्पा तानारत्पितिनान को 229 . 226 से हराया।

अब सेमीफाइनल में उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त कजाखस्तान से होगा। पुरूष कंपाउंड वर्ग में क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष पर रहने के बावजूद भारतीय तीरंदाज खिताब बरकरार रखने में नाकाम रहे और कांस्य से संतोष करना पड़ा। रजत चौहान, ऋषभ यादव और उदय कम्बोज को वियतनाम के हाथों सेमीफाइनल में 233 . 234 से पराजय मिली। कांस्य पदक के मुकाबले में भारतीय टीम ने भूटान को 234 . 232 से हराया। रिकर्व वर्ग में भारतीय पुरूष टीम मलेशिया को 5 . 1 से हराकर फाइनल में पहुंच गई।

# इस सीजन सनराइजर्स हैदराबाद के लिए पहला मैच कब खेलेंगे पैट कमिंस, खुद दिया जवाब, चोट पर भी दिया अपडेट



कमिंस ने भरोसा जताया कि बतौर कप्तान ईशान किशन उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि ईशान ने पिछले साल घरेलू टूर्नामेंट में शानदार कप्तानी की थी।

**हैदराबाद।** आईपीएल 2026 का आगाज 28 मार्च से होने जा रहा है। सनराइजर्स हैदराबाद को टूनार्मेंट के पहले मुकबाले में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से भिड़ना है। पैट कमिंस इंजरी की वजह से टूनार्मेंट के शुरूआती मुकाबले नहीं खेलेंगे। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जताई है कि वह दूसरे हाफ और प्लेऑफ के सभी मुकाबलों में हिस्सा लेंगे।

पैट कमिंस ने 'बिजनेस ऑफ स्पोर्ट्स' पॉडकास्ट के साथ बात करते हुए कहा कि वह अपनी पीठ की इंजरी से रिकवर कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं अभी भी पीठ की चोट से उबर रहा हूं, लेकिन अब इंजरी पहले से बेहतर है। मैं नेट्स में गेंदबाजी कर रहा हूं। मैं अभी लगभग हर तीसरे दिन गेंदबाजी कर रहा हूं। प्लान के मुताबिक, टूनार्मेंट के बीच तक मेरे पूरी तरह से फिट होने की उम्मीद है। अगर कुछ गलत नहीं हुआ, तो मैं दूसरे हाफ और फाइनल खेलूंगा।'

कमिंस ने भरोसा जताया कि बतौर कप्तान ईशान किशन उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि ईशान ने पिछले साल घरेलू टूर्नामेंट में शानदार कप्तानी की थी। ईशान ने सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट में झारखंड को अपनी कप्तानी में चैंपियन बनाया था। बल्ले से भी ईशान की हालिया फॉर्म शानदार चल रही है। टी20 विश्व कप 2026 में ईशान ने निरंतरता के साथ रन बनाए थे।

हालांकि, कमिंस की गैरमौजूदगी में सनराइजर्स हैदराबाद का तेज गेंदबाजी अटैक काफी कमजोर दिख रहा है। ईशान मलिंगा, हर्षल पटेल, जयदेव उनादकट और शिवम मावी के ऊपर टीम की नैया को पार लगाने की जिम्मेदारी होगी। इसके साथ ही हैदराबाद का स्पिन विभाग भी काफी कमजोर दिखाई दे रहा है। पिछले सीजन टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था।

कमिंस की अगुवाई में हैदराबाद की टीम 14 में से सिर्फ छह मैच ही जीत सकी थी, जबकि आठ मुकाबलों में टीम को हार झेलनी पड़ी थी। सनराइजर्स हैदराबाद की सफलता एक बार फिर अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड और ईशान किशन के प्रदर्शन पर काफी हद तक निर्भर करेगी।

पिछले सीजन यह तिकड़ी लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही थी, जिसका खामियाजा टीम को भुगतना पड़ा था।




# रामनवमी पर कन्या पूजन एवं भंडारे के साथ नवरात्रि महोत्सव होगा सम्पन्न





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर दिल्ली गेट स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ श्रीबाला त्रिपुर सुंदरी देवी मंदिर में चल रहे 9 दिवसीय हवन एवं श्री शत्चंडी महायज्ञ का समापन रामनवमी पर कन्या पूजन एवं विशाल भंडारे के साथ होगा।

नवरात्रि के दौरान मंदिर में सैकड़ों भक्तों, संतों और महात्माओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन में आहुतियां अर्पित कीं। महंत गिरीशानंद गिरि महाराज के सान्निध्य में महायज्ञ की पूर्णाहुति संपन्न कराई गई। महंत गिरीशानंद गिरि महाराज ने बताया कि 19 मार्च से 27 मार्च 2026 तक मंदिरों में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान प्राचीन सिद्ध पीठ श्रीदूधेश्वरनाथ मंदिर एवं शिव मंदिर, पटेल नगर में भी विशेष पूजा, हवन और कन्या पूजन का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।



नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत 26 मार्च को भव्य पंखा शोभायात्रा निकाली गई, जो डासना गेट, रमतेराम रोड, गंज क्षेत्र, जीटी रोड, कीर्तन वाली गली, बजरिया, घंटाघर, चौपला मंदिर और नवयुग मार्केट होते हुए पुनः देवी मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में घोड़े, रथ, बैंड-बाजे और ताशों के साथ सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। विभिन्न स्थानों पर भक्तों ने शोभायात्रा का स्वागत कर आरती उतारी। रामनवमी के अवसर पर मंदिर को फूलों से भव्य रूप से सजाया गया, जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने माता रानी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और हलुआ-पूड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। प्राचीन दूधेश्वरनाथ मंदिर के पीठाधीश्वर महंत नारायण गिरी महाराज के आशीर्वाद से नवरात्रि महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न हो रहा है। मीडिया प्रभारी एस.आर. सुथार ने बताया कि प्रतिवर्ष रामनवमी पर महंत गिरीशानंद गिरि महाराज एवं महंत विजय गिरि महाराज के नेतृत्व में कन्या पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें शहर के व्यापारी, भक्तगण और श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेते हैं। इस अवसर पर शहर विधायक संजीव शर्मा, उपमहापौर राजीव शर्मा, महंत महेश दास (बाबा लाल मंदिर), महंत विजय गिरी महाराज, स्वामी आनंदगिरि महाराज (मोती बाग), रूप गिरी महाराज, सुनील नागर, विजय मित्तल (अध्यक्ष, श्रृंगार सेवा समिति), साध्वी गिरजानंदनी गिरी, योगेंद्र सिंह, सतवीर चौधरी और शिवकुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। साथ ही सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माता देवी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# यूपी रेरा का बड़ा फैसला: अपंजीकृत प्रोजेक्ट्स के खरीदारों को राहत

## नए संशोधन लागू, अब अपंजीकृत परियोजनाओं की भी होगी सुनवाई

**नोएडा (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता और उपभोक्ता हितों को मजबूत करने के उद्देश्य से अपने सामान्य विनियम, 2019 में 10वां संशोधन लागू कर दिया है। यह संशोधन 25 मार्च 2026 से प्रभावी हो चुका है। प्राधिकरण द्वारा किए गए ये बदलाव खास तौर पर घर खरीदारों को राहत देने और डेवलपर्स की जवाबदेही तय करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माने जा रहे हैं।




यूपी रेरा ने इस संशोधन के तहत विनियम 24 और 47 में अहम बदलाव किए हैं।

इन बदलावों का सबसे बड़ा फायदा उन खरीदारों को मिलेगा, जिन्होंने ऐसी परियोजनाओं में निवेश किया है जो रेरा में पंजीकृत नहीं हैं। लंबे समय से यह सवाल बना हुआ था कि अपंजीकृत परियोजनाओं के आवंटी रेरा के तहत शिकायत दर्ज कर सकते हैं या नहीं। अब इस संशोधन के जरिए इस स्थिति को पूरी तरह स्पष्ट कर दिया गया है। नए प्रावधानों के अनुसार, अपंजीकृत परियोजनाओं से जुड़े मामलों की सुनवाई अब यूपी रेरा की पीठों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत की जाएगी। सबसे पहले यह तय किया जाएगा कि संबंधित परियोजना को पंजीकरण से छूट है या नहीं। यदि पंजीकरण आवश्यक पाया जाता है, तो इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के लिए मामला सचिव को भेजा जाएगा।




### दिल्ली गेट वाले लाला जी किसे देकर आये हैं दिल्ली में बाबा रामदेव का घी

राजनीति में हर कोई एक ठौर ढूंढता है। दिल्ली गेट वाले लाला जी ने भी अपनी पॉलिटिकल ठौर अटोर वाले पंडित जी में ढूंढ ली। अटोर वालों का कर्म ही है कि वो रोजाना दूध की सप्लाई दिल्ली में माननीय जी के यहां देते हैं। जब ये बात दिल्ली गेट वाले लाला जी को पता चली तो वो भी पंडित जी के साथ लग लिये। लाला जी चतुर सुजान हैं और उन्हें लगा कि घी के रास्ते एंट्री मिल जायेगी। बताते हैं कि फिर लाला जी ने पहले एक स्टील का डोल खरीदा और उसके बाद बाबा रामदेव वाला गाय का घी खरीदा। घी की पलटी डोल में हुई और फिर ये बताया कि हमने गाय पाल रखी है और ये प्योर गाय का घी है। लाला जी स्याने बन रहे थे लेकिन उन्हें नहीं पता कि जहां वो घी के जरिये घुसना चाह रहे हैं वहां राहें इतनी आसान नहीं हैं। डोल में घी तो चला गया मगर बाद में क्या बोल निकले ये फिर कभी बतायेंगे, फिलहाल तो घी का किस्सा गूंज रहा है।

### कार्यकारिणी ग्रुप से हुए रिमूव तो किया उन्होंने आम सभा की ओर मूव

सबसे पुरानी रामलीला की एक्सपायर्ड कमेटी के एक्स टेम्परेरी महामंत्री ने कभी हिसाब मांगा तो कभी आरोप लगाये। वो खलीफा भी हैं और पद पर भी रहे हैं मगर जब से कमेटी के पद से उनका वजीफा बंधा है तब से वो इस्तीफा लिये घूम रहे हैं। हालाकि सब जानते हैं कि इस्तीफा तो वो देंगे नहीं। लेकिन जब व्हाट्सअप ग्रुप पर उन्होंने सारी हदें पार की तो फिर एक्सपायर्ड कमेटी के टेम्परेरी महामंत्री को रामलीला की कार्यकारिणी वाले ग्रुप से रिमूव कर दिया गया। है तो वैसे ये बेइज्जती पर जब रण हो रहा हो तो इज्जत बेईज्जती की परवाह कौन करता है। जब उन्हें कार्यकारिणी वाले ग्रुप से रिमूव किया गया तो फिर बब्बे ने आम सभा वाले ग्रुप की ओर मूव कर लिया। कार्यकारिणी में 51 हैं और आम सभा में 300 प्लस वाला सीन है। वो बता रहे हैं कि मुझे कहां तक रिमूव करेंगे, मैं एक एक मैम्बर को अपना संदेश मूव कर रहा हूं।

### क्या हैन्डपम्प वाले सरदार जी की सियासत में आने जा रही है कोई बहार

वैसे तो सियासत में गिनती के सरदार हैं। चार भाजपा में हैं, एक रालोद में है और सपा वाले सरदार जी अब प्रवचन वाले फ्रेम में हैं। भाजपा वाले चार सरदार में से एक सरदार जी का पता तब चला जब उनका नाम नामित वाली लिस्ट में आ गया। दूसरे सरदार जी अल्पसंख्यक वाले प्रधान हैं लेकिन उनके चेहरे से कई अल्पसंख्यक वाले भी अंजान हैं। तीसरे सरदार जी एक लम्बे समय से पूर्व वाला पद लिखकर काम चला रहे हैं। चौथे सरदार जी कभी आसमानी पगड़ी बांधते थे लेकिन अब इन स्कूल वाले सरदार जी ने पगड़ी का रंग केसरिया कर लिया। फील वो फूल वाली ले रहे हैं। हैन्डपम्प वाले सरदार जी ने भी अपना पॉलिटिकल कैरियर कांग्रेस से शुरू किया और जवानी में वो यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। फिर वो समाजवादी हो गये। इन दिनों वो क्षेत्रीय पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। सिख राजनीति के इन चेहरों को लेकर बात जब रिलिजन वालों में ही चली तो बताया गया कि आप इन सिक्खों के हौंसलों को सलाम करो। कुछ नहीं मिला तो भी कभी किसी से गिला नहीं किया, कुछ मिल गया तो उसे भी सम्मान मानकर ग्रहण किया। सपोर्ट में पूरी रहते हैं बस इन के बूथ की वोट पर कोई बात मत करना। साईकिल वाले सरदार जी कविनगर में साईकिल को ही वोट नहीं दिलवा सकते। हाल हैन्डपम्प वालों का भी यही है और रही बात फूल की तो उसमें सरदार जी क्या कर लेंगे। जो फूल खिलने हैं, वो फूल तो खिलकर ही रहेंगे।

## अधेड़ की परिस्थितियों में मौत कमरे में फांसी पर लटका मिला

**लोनी (करंट क्राइम)।** लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की गुलाब वाटिका कॉलोनी में अधेड की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत हो गई। अधेड का शव अपने ही घर के फर्स्ट फ्लोर पर कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतक की पत्नी के घर आने पर उसने अपने पति को फांसी पर लटकते देख घबरा गई और उसने परिवार के अन्य लोगों को वह पुलिस को घटना की सूचना देकर शव को उतारा और पुलिस को सूचना दे पास के अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रथम दृष्टया गृह क्लेश को लेकर अधेड के परेशान होने की वजह सा ने आ रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारण का पता चल सकेगा। बहरहाल परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं आई हे। तहरीर आने के बाद पुलिस कार्रवाई करेगी।



जवाहर नगर कालोनी में ज्वेलर्स का काम करने वाला अनुपम वर्मा (44) अपनी पत्नी, दो बच्चे और मां के साथ गुलाब वाटिका कालोनी स्थित तीन मंजिला मकान में रहता था। गुरुवार सुबह जब परिवार के लोग बाहर थे इसी दौरान मकान की फस्ट फ्लोर पर बने कमरे में चादर से गले में फंदा लगा पंखे से लटक आत्महत्या कर ली। परिजनों को घर आने पर घटना का पता चला।

## मोमोज खाने से कई लोग हुए बीमार, जांच में जुटी पुलिस

**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के कस्बा दादरी में रहने वाले कई लोग मोमोज खाने से बीमार हो गए। उन्हें उल्टी, पेट दर्द, सिर दर्द और बुखार की शिकायत है। उन्हें उपचार के लिए दादरी के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इन लोगों ने एक ही दुकान से मोमोज खरीदा था। घटना के बाद दुकानदार फरार है।



दादरी के प्राथमिक स्वास्थ्य चिकित्सा केंद्र के डॉक्टर काशिफ नदीम आलम ने बताया कि गुरुवार को दोपहर 2 बजे से शाम तक दर्जन भर मरीज आए हैं। उन्होंने बताया है कि उनके पेट में दर्द, लूज मोशन, सिर में दर्द और बुखार है। उन्होंने बताया कि इन लोगों ने दादरी तहसील के पास स्थित एक मोमोज की दुकान से मोमोज खरीद कर खाया है। उन्होंने बताया कि मरीजों को इंजेक्शन और दवा दी गई है। उन्हें भर्ती करके उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मरीजों की स्थिति सामान्य है। उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि यह मामला फूड प्वाइजनिंग का है। उन्होंने बताया कि पुलिस को मामले की सूचना दे दी गई है। दादरी नगर पालिका के सभासद मोहम्मद आरिफ ने बताया कि उनकी बहन और उसके बच्चे घर पर आए थे। ये लोग मोमोज की दुकान से मोमोज खरीद कर लाए।

## चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, कन्या पूजन और भंडारों की रही धूम



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर गुरुवार को साहिबाबाद और आसपास के क्षेत्रों में महाष्टमी का पर्व पूरे हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। तड़के सुबह से ही क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

श्रद्धालुओं ने माँ दुर्गा के आठवें स्वरूप 'माँ महागौरी' की विशेष पूजा-अर्चना कर अपने परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। भक्तिमय हुआ वातावरण साहिबाबाद की विभिन्न सोसायटियों शिप्रा सनसिटी आदित्य मेगा सिटी गोल्ड ग्रीन सिटी वैशाली वसुंधरा राजेंद्र नगर साहिबाबाद शालीमार गार्डन भोपुरा सूर्य नगर ब्रिज विहार रामप्रस्था कौशांबी वसुंधरा और मोहल्लों में स्थापित माता के दरबारों को फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से भव्य रूप से सजाया गया था। ढोल-नगाड़ों की थाप और 'जय माता दी' के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। स्थानीय निवासी सुमन मौर्या ने सामूहिक रूप से हवन-पूजन में आहुतियां दीं और माता की आरती उतारकर पुण्य लाभ कमाया।

कन्या पूजन की रही धूम अष्टमी के अवसर पर क्षेत्र में कन्या पूजन का विशेष महत्व देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालु नन्ही कन्याओं को 'माता के स्वरूप' में अपने घर आमंत्रित करने के लिए उत्साहित दिखे।

घरों और पंडालों में विधि-विधान से कन्याओं के पैर पखारकर उन्हें हलवा-पूरी, काले चने और फल का भोग लगाया गया। पूजन के बाद उपहार और दक्षिणा पाकर नन्ही कन्याओं के चेहरे भी खिल उठे। दोपहर बाद क्षेत्र के कई हिस्सों में भंडारों का आयोजन किया गया, जहाँ हजारों श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम त्योहार के दौरान मोहनगर मंदिर में उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। प्रमुख मंदिरों और चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया गया था ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन करने या आवाजाही में किसी प्रकार की असुविधा न हो।




### जल्द बदला हुआ नजर आएगा सालों पुराना परिसर

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है, तो लंबे समय से मेरठ वाली यूनिट भी शांत बताई जा रही है। वहीं इन सबके के बीच जानकारी मिली है कि नए साहब के आने के बाद से लगातार थानों और कार्यालयों का नवीनीकरण चल रहा है। तो अब जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सबसे पुराना कार्यालय परिसर और इलाका बदलने वाला है। पुलिस सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि रेलवे लाइन के बराबर वाले कार्यालय लगातार फाइन किए जा रहे हैं। तो अब यहां पर होलसोल जिम्मेदारी संभालने वाले साहब का भी कॉरपोरेट लुक ऑफिस बनकर तैयार हो गया है। बताया जा रहा है कि अगले कुछ दिनों में यह शुरू हो जाएगा। तो वहीं इस परिसर में जिस तरीके से शिवजी वाला फव्वारा लग रहा है। तो बच्चों के लिए मैदान और झूले भी लगाए जा रहे हैं। इन सबके बीच जानकारी यह भी मिली है कि यहां का कैफेटेरिया आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम का सबसे साफ-सुथरा, हवादार और बेस्ट स्थान बनेगा। जहां पर आने वाले लोगों को कम रेट में पुलिस कर्मियों को भी स्वाद चखने का मौका मिलेगा। तो वहीं पुलिस सूत्रों के जरिये जानकारी मिल रही है कि पूरे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में छोटे बड़े मामलों में ताबड़तोड़ कार्रवाई करने वाले ऑफिस और साइड कार्यालय का कायाकल्प हो गया है। बताया जा रहा है कि इस परिसर में बने मदिंर के लिए भगवान हनुमान जी की भी नई मूर्ति आ गई है। जिसकी जल्द ही प्राण प्रतिष्ठा होगी और मंदिर का उद्घाटन होने के साथ ही यहां पर अप्रैल के प्रथम सप्ताह में बड़ा आयोजन होने वाला है। जिसमें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी अधिकारी और पुलिसकर्मी आमंत्रित किए जाएंगे। बताया जा रहा है कि दिन में होने वाले कार्यक्रम की रौनक कई बड़े खानों पर भारी पड़ने वाली बताई जा रही है। वहीं पुलिस सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में जल्द ही यहां की वीडियो भी बनाकर सोशल मीडिया के ग्रुप पर प्रसारित की जाएगी। कुल मिलाकर कहा जाए तो जब से नए वाले साहब आए हैं, पुलिस के कार्य स्थलों की तस्वीरें और तकदीर बदल रही है, जो स्थान कभी अलग पिक्चर प्रस्तुत करते थे। अब वहां की तस्वीरें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की पहचान बन रही है।




## क्षेत्र के विकास और जनता की सुविधा हमारी प्राथमिकता : डॉ. अनिल तोमर

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 98 के जज एंक्लेव कॉलोनी के निवासियों के लिए गुरुवार को खुशियों भरा रहा। क्षेत्र के पार्षद डॉक्टर अनिल तोमर और पार्षद प्रतिनिधि डॉक्टर लीना तोमर ने क्षेत्र में नवनिर्मित और पुनर्निर्मित सड़कों का उद्घाटन किया। इस नई सड़क के निर्माण से स्थानीय निवासियों को आवाजाही में हो रही पुरानी समस्याओं से निजात मिलेगी।

विकास कार्यों का उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय निवासियों को संबोधित करते हुए पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने कहा कि जज एंक्लेव में बेहतर सड़क सुविधाओं का विस्तार करना उनके चुनावी संकल्पों में से एक था। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास और जनता की सुविधाओं का ध्यान रखना मेरी पहली प्राथमिकता है। यह सड़क केवल कंक्रीट का ढांचा नहीं, बल्कि क्षेत्रवासियों के बेहतर सफर और खुशहाली का मार्ग है। पार्षद प्रतिनिधि डॉ. लीना तोमर ने इस अवसर पर कहा कि विकास के ये कार्य जनता के अटूट विश्वास और सहयोग के बिना संभव नहीं थे। उन्होंने आश्वस्त किया कि वार्ड 98 के हर कोने को इसी तरह मूलभूत सुविधाओं से लैस किया जाएगा।



स्थानीय लोगों में उत्साह सड़क के उद्घाटन पर कॉलोनी के लोगों ने खुशी व्यक्त की और पार्षदों का आभार जताया। निवासियों का कहना है कि सड़क बनने से जलभराव और धूल जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी और वाहनों का आवागमन सुगम होगा। इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारी और लोग उपस्थित रहे।

## डबल मर्डर का आरोपी एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार

**लोनी (करंट क्राइम)।** ट्रॉनिका सिटी थाना पुलिस ने हरमपुर के जंगल में डबल मर्डर के आरोपी का एनकाउंटर कर अरेस्ट कर लिया पुलिस ने बदमाश के पास से तमंचा बरामद किया है। गोली बदमाश के पैर में लगी हे। और उसे उपचार के लिये देर रात ही कंबाइड अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पकड़ा गया हत्या आरोपी राशिद रामपार्क ई ब्लॉक का रहने वाला है। आरोपी ने अपनी पत्नी शबनम और अपने दोस्त फहीम की अवैध संबंधों के शक मे अपने ही घर मे गोली मार कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने राशिद को मुखबिर की सूचना पर अरेस्ट कर लिया पूछताछ के दौरान हत्या के इस्तेमाल किया गये तमंचे की बरामदगी के लिये राशिद पुलिस को हरमपुर के जंगल मे ले गया और वहां



पहले से छुपाये गये तमंचा बरामद के दौरान अचानक पुलिस पर फायर कर भागने लगा तब पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुये फायरिंग की जिसमें बदमाश के पैर मे गोली लगी इसके बाद पुलिस ने उसे अरेस्ट कर लिया। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि 23 मार्च की रात को राशिद ने अपनी पत्नी शबनम और दोस्त फईम को गोली मारकर हत्या कर दी थी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसमें आरोपी वारदात कर भागते हुए दिखाई दिया। बुधवार शाम को गढ़ी कटैया अंडरपास के पास मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान हत्या आरोपित को अरेस्ट क्र लिया था। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि उसने अपनी पत्नी शबनम और दोस्त फईम की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पूछताछ में राशिद ने बताया कि दोनों के अवैध संबंधों की जानकारी हो गई थी। वह पत्नी को संबंध समाप्त करने की बात कहता था। लेकिन पत्नी शबनम अपने सात बच्चों को छोड़कर उससे तलाक लेने की बात कह रही थी। तलाक के बाद इस मकान को बेचकर पैसों को ब्याज पर चलाने की बात कह रही थी। इससे उसे लगा कि वह और उसके बच्चे सड़क पर आ जाएंगें। इसी से कारण घटना को अंजाम दिया था।

## नोएडा में चार की मौत: तीन सड़क हादसे, एक श्रमिक गिरकर मृत

**नोएडा (करंट क्राइम)।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में चार लोगों की मौत हो गई। तीन लोगों की मौत सड़क हादसों में तथा एक श्रमिक की मौत निमार्णाधीन मकान में काम करते समय ऊपर से नीचे गिरने से हो गई। पुलिस चारों मामलों की जांच कर रही है।

थाना जेवर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि अशरफ पुत्र कलुआ मूल निवासी जनपद अलीगढ़ उम्र 26 वर्ष कस्बा जेवर में रहने वाले एक व्यक्ति के घर पर आज निर्माण का कार्य कर रहा था। वह उपरी मंजिल पर काम कर रहे थे। इसी बीच असंतुलित होकर वह नीचे गिर गया। नीचे रखा हुआ सरिया उनके सिर में घुस गया। उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि अगर मृतक के परिजन इस मामले में कोई शिकायत करेंगे तो पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करेगी।




थाना दादरी के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि विनय कुमार उम्र 53 वर्ष थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में आज गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

वहीं थाना सेक्टर-142 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में 25 वर्षीय अज्ञात युवक की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना नॉलेज पार्क के प्रभारी निरीक्षक सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को आज सूचना मिली कि सेक्टर-150 के पास एक लहूलुहान अवस्था में 25 वर्षीय व्यक्ति पड़ा है।

## बंद फाटक पार करना पड़ा भारी ट्रेन की चपेट में आकर व्यक्ति की मौत

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** बाबूगढ़ कोतवाली क्षेत्र के कुचेसर रोड चौपला स्थित रेलवे फाटक संख्या-62 सी के पास गुरुवार दोपहर एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। लगभग 55 वर्षीय यह व्यक्ति बंद फाटक के बावजूद रेलवे ट्रैक पार करने का प्रयास कर रहा था, तभी दिल्ली-लखनऊ जा रही डबल डेकर ट्रेन की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

यह घटना दोपहर करीब 3:30 बजे हुई। दिल्ली से लखनऊ की ओर जा रही डबल डेकर ट्रेन फाटक से गुजर रही थी। फाटक बंद होने के बावजूद व्यक्ति ने ट्रैक पार करने की कोशिश की और तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गया। दुर्घटना में शव बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है। अभी तक मृतक के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि व्यक्ति ने लापरवाही बरतते हुए बंद फाटक को नजरअंदाज कर ट्रैक पार करने की कोशिश की थी। रेलवे फाटकों पर बढ़ती लापरवाही को लेकर स्थानीय लोगों ने चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि कई बार बंद फाटक के बावजूद लोग जोखिम उठाकर ट्रैक पार करते हैं।

**डूब क्षेत्र में बिजली चोरी और ओवरलोडिंग ने बढ़ाई मुसीबत**

## कनावनी में ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के ग्राम कनावनी स्थित आम्रपाली स्कूल रॉयल गार्डन कॉलोनी में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब पुस्ता के पास लगे एक विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक भीषण आग लग गई। गनीमत रही कि आग रिहायशी इलाके तक फैलने से पहले ही उस पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

ओवरलोडिंग और शॉर्ट सर्किट बना कारण प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर के समय ट्रांसफार्मर से अचानक चिंगारियां उठने लगीं और देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं। बताया जा रहा है कि बढ़ते तापमान और बिजली के अत्यधिक दबाव के चलते शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसने विकराल रूप ले लिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत बिजली विभाग को सूचना दी और समय रहते आपूर्ति बंद कराई गई।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा नेता कुंजन शर्मा अब यूटयूब चैनल पर नजर आयेंगे। वो कॉफी विद कुंजन के नाम से पॉडकास्ट चैनल की शुरूआत कर रहे हैं। अपने पॉडकास्ट चैनल में कुंजन शर्मा ने पहला एपिसोड राजकुमार शर्मा के साथ शूट किया है। पॉडकास्ट की इस शुरूआत को कुंजन शर्मा ने फेसबुक पर साझा किया। कुंजन शर्मा की ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे






# 'ईरान को गंभीर हो जाना चाहिए, इससे पहले देर हो जाए'

## ट्रंप ने दी समझौते की धमकी, कहा- पीछे जाने का मौका नहीं

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि वह जल्द गंभीर होकर फैसला ले, वरना हालात बिगड़ जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि ईरान समझौते के लिए तैयार है, लेकिन सार्वजनिक रूप से इनकार कर रहा है। साथ ही ट्रंप ने नाटो देशों पर भी आरोप लगाया कि उन्होंने इस संकट में अमेरिका का साथ नहीं दिया, जिससे तनाव और बढ़ गया है।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने एक बार फिर ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ईरान को जल्द गंभीर होकर फैसला लेना होगा, वरना हालात ऐसे हो जाएंगे जहां से वापसी संभव नहीं होगी। ट्रंप के इस बयान ने एक बार फिर वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ा दिया है। इसी के साथ उन्होंने नाटो देशों पर भी निशाना साधा और सहयोग न करने का आरोप लगाया।


ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि ईरानी वातार्कार बहुत अलग और अजीब हैं। वे हमसे डील करने के लिए भीख मांग रहे हैं, जो उन्हें करना चाहिए क्योंकि वो सैन्य रूप से खत्म हो चुके हैं और वापसी का कोई मौका उनके पास नहीं है, और फिर भी वे सबके सामने कहते हैं कि वे सिर्फ हमारे प्रस्ताव को देख रहे हैं। उन्हें जल्द ही गंभीर हो जाना चाहिए, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, क्योंकि एक बार ऐसा हो गया, तो पीछे मुड़ना मुमकिन नहीं है, और यह अच्छा नहीं होगा!

ईरान ने बातचीत की संभावना पर मिले-जुले संकेत दिए हैं, जब ऐसी खबरें आईं कि ट्रंप प्रशासन ने इस हफ्ते की शुरूआत में पाकिस्तान के जरिए तेहरान को 15-सूत्रीय संघर्ष विराम योजना पेश की है। सार्वजनिक रूप से, ईरानी सरकारी मीडिया ने बताया कि तेहरान ने प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है।

### होर्मुज और तेल संकट को लेकर क्या है विवाद

ट्रंप ने कहा कि नाटो देश होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित करने में मदद नहीं कर रहे हैं, जिससे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं। उन्होंने इसे एक आसान सैन्य कार्य बताया, लेकिन कहा कि सहयोगी देश जिम्मेदारी नहीं ले रहे हैं। उनके अनुसार यही कारण है कि वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों पर दबाव बना हुआ है। ट्रंप के बयान से साफ है कि अमेरिका और उसके सहयोगियों के बीच मतभेद बढ़ रहे हैं। वहीं ईरान के साथ टकराव भी कम होने के बजाय और तेज हो रहा है। ऐसे में पश्चिम एशिया में हालात और बिगड़ सकते हैं और इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ सकता है।





### युद्ध खत्म करने के लिए बातचीत नहीं-अब्बास अराघची

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सरकारी मीडिया को बताया कि उनकी सरकार ने युद्ध खत्म करने के लिए बातचीत नहीं की है और न ही उनकी किसी बातचीत की योजना है। हालांकि उन्होंने माना कि यूएस ने दूसरे देशों के जरिए ईरान को संदेश भेजने की कोशिश की थी, उन्होंने कहा कि यह न तो बातचीत थी और न ही कोई नेगोशिएशन।

धमकी, चेतावनी और विरोध के बीच पश्चिम एशिया ही नहीं पूरी दुनिया के लिए 27 मार्च का दिन काफी अहम है। 23 मार्च को ट्रंप ने ईरान के साथ वार्ता का दावा करते हुए कहा था कि बातचीत सकारात्मक और रचनात्मक है, इसलिए वो ईरान के ऊर्जा संयंत्रों पर हमले के फैसले को 5 दिन के लिए टाल रहे हैं। इसकी मियाद शुक्रवार को समाप्त हो रही है।

### नाटो पर ट्रंप क्यों भड़के और क्या आरोप लगाए

ट्रंप ने नाटो देशों पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि उन्होंने इस संकट के समय अमेरिका का साथ नहीं दिया। उन्होंने कहा कि नाटो देश ईरान के खिलाफ कार्रवाई में शामिल नहीं हुए और केवल तेल की कीमतों को लेकर शिकायत करते रहे। ट्रंप ने यहां तक कहा कि अमेरिका को नाटो की जरूरत नहीं है और सहयोगी देशों को इस समय को कभी नहीं भूलना चाहिए।

# बिना शर्त ईरान के रुकने के आसार कम, खाड़ी देशों की अपनी चिंता



**नई दिल्ली।** अमेरिका-ईरान-इजरायल तनाव बढ़ा, शांति मुश्किल। खाड़ी देश चिंतित, ईरान झुकने को तैयार नहीं। प्रॉक्सी हमले तेज होने के आसार, युद्ध विस्तार का खतरा, चीन-रूस मध्यस्थता से समाधान संभव।

अमेरिका के राष्ट्रपति पश्चिम एशिया में अब अपने हाथ नहीं जलाना चाहते, लेकिन इससे बाहर आने का सम्मानजनक रास्ता बहुत आसान नहीं है। अमेरिका के सहयोगी देश संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत भी चिंता से ग्रसित हैं। अमेरिका में मजबूत इस्राइली लॉबी है और इस्राइल अपने सवालों से समझौता नहीं चाहता। पश्चिम एशिया के विशेषज्ञ बताते हैं कि बिना शर्त ईरान के भी कदम पीछे खीचने के आसार नहीं हैं।

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन अपनी मुख्य शर्तों को आगे रख रहे हैं। ईरान की चिंता केवल ईरान के ईर्द गिर्द नहीं है। आईआरजीसी हिज्बुल्ला, हमास, हूती और फिलिस्तीन के हक को लेकर भी बात करना चाहता है। पश्चिम एशिया के जानकार कहते हैं कि पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई का दौर कुछ और था।

इस समय के ईरान का दौर कुछ और है। ईरान ने अमेरिका के प्रभाव और इस्राइल की रहस्य भरी क्षमता को देख लिया है। इसलिए ईरान अब झुककर समझौते के मूड में नहीं है। इतना ही इजरायल को भी बिना कड़ी शर्तों के शांति समझौता होने का अर्थ पता है। हालांकि तुर्किए के राष्ट्रपति ने ईरान पर अमेरिका इस्राइल की कार्रवाई के दौरान एक बड़ा कूटनीतिक बयान दिया था।

# 'ईरान सुप्रीम लीडर बनाना चाहता था, मैंने ठुकराया'

## जंग के बीच ट्रंप ने किया चौंकाने वाला दावा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया कि ईरान उन्हें सुप्रीम लीडर बनाना चाहता था, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान अमेरिका से बातचीत करना चाहता है, जबकि तेहरान ने इसे खारिज किया है। दोनों पक्षों के बीच पश्चिम एशिया पर तनाव बना हुआ है।

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने एक चौंकाने वाला दावा किया है। उन्होंने कहा कि ईरान के लोग उन्हें अपना सुप्रीम लीडर बनाना चाहते थे, लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। ट्रंप के इस बयान ने वैश्विक राजनीति में हलचल मचा दी है। खास बात यह है कि यह दावा ऐसे समय आया है जब ईरान लगातार अमेरिका के साथ किसी भी शांति वार्ता से इनकार कर रहा है।



ट्रंप ने वॉशिंगटन में एक फंडरेजिंग कार्यक्रम के दौरान कहा कि उन्हें यह प्रस्ताव ईरान की तरफ से मिला था, लेकिन उन्होंने साफ कहा कि उन्हें इस पद में कोई दिलचस्पी नहीं है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरान अमेरिका के साथ बातचीत करना चाहता है और युद्ध खत्म करना चाहता है, लेकिन अंदरूनी डर के कारण वह खुलकर यह बात नहीं कह पा रहा है। हालांकि ईरान पहले ही ऐसे किसी भी दावे को खारिज कर चुका है।

**क्या सच में ट्रंप को मिला था ऐसा प्रस्ताव:** ट्रंप ने कहा कि अमेरिका-इस्राइल की सैन्य कार्रवाई के बाद ईरान में सत्ता का खालीपन पैदा हुआ और इसी दौरान उन्हें सुप्रीम लीडर बनाने की बात सामने आई। उन्होंने दावा किया कि यह प्रस्ताव अनौपचारिक तौर पर रखा गया था। हालांकि इस दावे की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और ईरान की ओर से इसे लेकर कोई समर्थन नहीं मिला है।

**क्या अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत चल रही**

ट्रंप ने कहा कि ईरान बातचीत करना चाहता है और समझौते के लिए तैयार है। उनका दावा है कि तेहरान के अधिकारी डर के कारण इसे सार्वजनिक नहीं कर रहे हैं। वहीं ईरान लगातार कह रहा है कि वह अपनी शर्तों पर ही युद्ध खत्म करेगा और किसी दबाव में नहीं आएगा।

# लंदन हाई कोर्ट ने नीरव मोदी के आवेदन को खारिज कर दिया



**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की अदालत ने भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी की एक और कोशिश को झटका दिया है। लंदन हाई कोर्ट ने उनके उस आवेदन को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने भारत प्रत्यर्पण के मामले को दोबारा खोलने की मांग की थी। नीरव मोदी पर भारत में करीब 13,000 करोड़ रुपये के पंजाब नेशनल बैंक घोटाले का आरोप है। कोर्ट में भारत की तरफ से केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने मजबूत दलीलें पेश कीं। अदालत ने साफ कहा कि नीरव मोदी का मामला दोबारा खोलने के लिए कोई खास या असाधारण कारण नहीं है।

नीरव मोदी 2019 से ब्रिटेन की जेल में बंद हैं और भारत उन्हें वापस लाने की कोशिश 2018 से कर रहा है। पहले भी ब्रिटिश की अदालतें उनके प्रत्यर्पण को मंजूरी दे चुकी हैं और उनकी कई अपील खारिज हो चुकी हैं। हालांकि, कुछ कानूनी अड़चनें आई थीं, लेकिन अगस्त 2025 में वे भी हट गईं। नीरव मोदी ने यह कहकर केस दोबारा खोलने की मांग की थी कि भारत में उनके साथ खराब व्यवहार हो सकता है। लेकिन अदालत ने इस दलील को भी नहीं माना। इस फैसले को भारत सरकार की बड़ी कानूनी जीत माना जा रहा है।

# होर्मुज पर ताला लगाने वाले ईरानी नौसेना प्रमुख अलीरेजा तंगसीरी की मौत, इस्राइली मीडिया का बड़ा दावा

**तेहरान।** इस्राइली मीडिया ने अज्ञात अधिकारी के हवाले से दावा किया है कि आईआरजीसी की नौसेना के प्रमुख अलीरेजा तंगसीरी को मार दिया गया है। तंगसीरी को होर्मुज जलडमरूमध्य बंद करने का जिम्मा सौंपा गया था।

ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना के कमांडर अलीरेजा तंगसीरी एक हवाई हमले में मारे गए। इस्राइली मीडिया ने एक अज्ञात अधिकारी के हवाले से यह दावा किया। हालांकि, इस हमले की न तो ईरान की तरफ से और न ही इस्राइली सेना (आईडीएफ) की ओर से आधिकारिक पुष्टि की गई है।

**तंगसीरी को सौंपी गई थी होर्मुज बंद करने की जिम्मेदारी**

रिपोर्ट के मुताबिक, तंगसीसी आईआरजीसी की नौसेना के प्रमुख थे और उन्हें होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की जिम्मेदारी दी गई थी। वहीं, आईआरजीसी ने आज फिर से अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं। बताया जा रहा है कि ईरान के उत्तरी हिस्से में बनियादी ढांचे और नागरिक इलाकों पर हमलों के जवाब में यह कार्रवाई की गई।



**कौन थे अलीरेजा तंगसीरी?**

अमेरिका द्वारा वित्त पोषित रेडियो फरदा (फारसी भाषा) की रिपोर्ट के मुताबिक, तंगसीरी ने सितंबर 2007 में कहा था, अगर अमेरिका हमसे टकरेगा, तो हम उसका पीछा मैक्सिको की खाड़ी तक करेंगे। जनवरी 2016 में जब ईरान ने 10 अमेरिकी नाविकों को हिरासत में लिया था। ये अमेरिकी नाविक इंजन में खराबी के बाद ईरान जलक्षेत्र में प्रवेश कर गए थे। तब तंगसीरी ने इसे अमेरिकी सेना का ईरान के सामने 'आत्मसमर्पण' बताया था। 23 अगस्त 2018 को ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने तंगसीरी को आईआरजीसी की नौसेना में कमांडर के पद पर पदोन्नत किया था। टाइम्स ऑफ इस्राइल की रिपोर्ट के मुताबिक, नवंबर 2021 में तंगसीरी ने कहा था, अमेरिका को समुद्र में इस्लामी गणराज्य की श्रेष्ठता का एहसास हो गया है। उन्होंने फरवरी 2025 में ईरान के पहले ड्रोन वाहक का अनावरण किया था। उन्होंने इसे ईरान के इतिहास में सबसे बड़ी नौसैनिक सैन्य परियोजना बताया था। उन्होंने मार्च 2025 में चेतावनी दी, अगर दुश्मन कोई गलती करते हैं, तो हम उन्हें नरक की गहराइयों में भेज देंगे।

# समुद्री सुरक्षा के नये उपाय: रूसी जहाजों को नौसेना देगी सुरक्षा कवच

## पश्चिमी देशों के साथ टकराव की आशंका

**मॉस्को।** रूस ने अपने मालवाहक जहाजों को पश्चिमी देशों के हमलों से बचाने के लिए नौसैनिक सुरक्षा देने का एलान किया है। यूक्रेन युद्ध और प्रतिबंधों के बीच, जहाजों पर बढ़ते ड्रोन हमले के बाद रूस ने यह कड़ा रुख अपनाया है। इससे अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में रूस और नाटो देशों के बीच सैन्य टकराव का खतरा बढ़ गया है।

पश्चिम के देशों में तनातनी के बीच रूस ने बड़ा एलान किया है। रूस ने साफ कर दिया है कि वह अपने मालवाहक जहाजों को किसी भी कीमत पर रुकने या जब्त होने नहीं देगा। क्रेमलिन के शीर्ष अधिकारी निकोलाई पात्रुशेव की अध्यक्षता वाले रूसी समुद्री बोर्ड ने नई गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत अब देश के मालवाहक जहाजों को रूसी नौसेना का सुरक्षा कवच मिलेगा।



**क्यों लिया गया यह फैसला**

दरअसल, पिछले कुछ महीनों से ब्रिटेन, फ्रांस, बेल्जियम और स्वीडन जैसे देशों ने रूसी तेल और सामान ले जा रहे जहाजों को बीच समुद्र में रोकना शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं, हाल ही में ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने अपनी नौसेना को संदिग्ध रूसी जहाजों को हिरासत में लेने की खुली छूट दी थी। अब रूस इसे अपने व्यापार पर सीधा हमला मान रहा है।

**सुरक्षा के इंतजाम**

सिर्फ जब्ती ही नहीं, बल्कि रूसी जहाजों पर समुद्री ड्रोन के हमले भी बढ़ गए हैं। अभी गुरुवार को ही काला सागर में तुर्किये के टैंकर 'अल्तुरा' पर ड्रोन हमला हुआ, जिससे जहाज के इंजन रूम को भारी नुकसान पहुंचा। इससे पहले मार्च की शुरूआत में यूक्रेन की खुफिया एजेंसी ने एक रूसी एलएनजी टैंकर को निशाना बनाया था। इन्हीं, खतरों को देखते हुए रूस ने अब 'मोबाइल फायर सपोर्ट यूनिट्स' तैनात करने का फैसला किया है। यानी अब रूसी मालवाहक जहाजों पर हथियारबंद दस्ते तैनात किए जा सकेंगे। ये जवान किसी भी हमले की कोशिश का मुंहतोड़ जवाब देंगे।

**एशियाई बाजार पर नजर**

बताते चलें कि रूस के इस फैसले का असर सीधा भारत और चीन जैसे देशों पर पड़ेगा। पश्चिम एशिया के संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी के बीच, रूस अपनी अर्थव्यवस्था को बचाए रखने के लिए भारत और चीन को लगातार कच्चे तेल की सप्लाई कर रहा है। रूस की कोशिश है कि 'शैडो फ्लीट' को सुरक्षा देकर वह अपने एशियाई ग्राहकों तक माल की सप्लाई सुनिश्चित कर सके।

विशेषज्ञों का मानना है कि रूस के इस फैसले से समुद्र में तनाव चरम पर पहुंच सकता है। यदि रूसी नौसेना के एस्कॉर्ट वाले जहाज को पश्चिमी देश रोकने की कोशिश करते हैं, तो यह सीधे तौर पर दो बड़ी सैन्य शक्तियों के बीच युद्ध का कारण बन सकता है।

# होर्मुज पर जहाजों से शुल्क वसूल रहा है ईरान

## खाड़ी अरब गुट के महासचिव ने लगाए बड़े आरोप

**तेहरान।** होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों से ईरान द्वारा शुल्क वसूलने के आरोप सामने आए हैं। इससे वैश्विक ऊर्जा सप्लाई और व्यापार पर असर पड़ सकता है। सऊदी और यूएई ने भी चिंता जताई है। इस कदम से वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है।

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। आरोप है कि ईरान अब इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से गुजरने वाले जहाजों से शुल्क वसूल रहा है। यह वही रास्ता है, जहां से दुनिया का करीब पांचवां हिस्सा तेल और गैस सप्लाई होता है। इस कदम से वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है।

कई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कुछ जहाजों से प्रति यात्रा करीब 20 लाख डॉलर तक का शुल्क मांगा जा रहा है। यह वसूली किसी तय नियम के तहत नहीं, बल्कि अलग-अलग मामलों में की जा रही है। कुछ जहाजों ने यह भुगतान भी किया है, हालांकि भुगतान की प्रक्रिया और मुद्रा को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं है। इस वजह से शिपिंग कंपनियों में असमंजस और चिंता बढ़ गई है।




### क्या सच में ईरान वसूली कर रहा है

सूत्रों के अनुसार यह वसूली ईरान के प्रभाव को दिखाती है, क्योंकि होर्मुज दुनिया का सबसे अहम समुद्री रास्ता है। युद्ध के चलते जहाजों की आवाजाही पहले ही कम हो गई है और अब शुल्क की मांग से स्थिति और जटिल हो गई है। इससे वैश्विक सप्लाई चेन पर दबाव बढ़ रहा है।

### क्या ईरान इसे औपचारिक रूप देना चाहता है

सूत्रों का कहना है कि ईरान भविष्य में इस शुल्क को आधिकारिक रूप देने की योजना बना सकता है। हाल ही में वहां के एक सांसद ने प्रस्ताव दिया था कि जो देश इस मार्ग का इस्तेमाल करें, उनसे शुल्क लिया जाए। अगर ऐसा होता है तो यह वैश्विक व्यापार के लिए बड़ा बदलाव साबित हो सकता है। सऊदी अरब और यूएई जैसे देशों ने इस तरह की वसूली पर चिंता जताई है।

उनका कहना है कि इससे उनके तेल निर्यात पर असर पड़ेगा। कुछ देश अब वैकल्पिक पाइपलाइन के जरिए तेल भेजने की कोशिश कर रहे हैं। फिलहाल होर्मुज को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है और यह वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा जोखिम बनती जा रही है।

# अमेरिका-इस्राइल और ईरान के हमलों में हूती की एंट्री



**तेहरान।** ईरान और अमेरिका-इस्राइल के बीच हमलों का दौर अब भी जारी है। 28 फरवरी को शुरू हुए इस हमले को लगभग एक महीना होने वाला है, लेकिन दोनों पक्षों के बीच अब तक कोई बात नहीं बनी है। इस बीच अमेरिका-इजरायल के ईरान पर हमलों के खिलाफ हूती विद्रोहियों की एंट्री हो सकती है। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी तस्नीम ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि ईरान के समर्थन वाले हूती विद्रोही इस्राइल के खिलाफ जंग में शामिल होने के लिए तैयार हैं।

ईरानी मीडिया रिपोर्ट में बिना नाम बताए सूत्रों का हवाला देते हुए कहा गया है कि हूती, जिन्हें यमनी अंसारुल्लाह के नाम से भी जाना जाता है, बाब अल-मंदाब स्ट्रेट पर कब्जा करने के लिए तैयार हैं। अक्तूबर 2023 से विद्रोही समूह ने लाल सागर में पहले ही तनाव की स्थिति बना रखी है और गाजा पर इजरायल के हमलों का बदला लेने के लिए सैकड़ों इजरायली ठिकानों पर गोलाबारी की है।



बाब अल-मंदाब स्ट्रेट भूमध्य सागर और अरब सागर के बीच एक जरूरी रास्ता है, जो यूरोप को अफ्रीका और उससे आगे के महासागरों में एशिया से जोड़ता है। इन सबके बीच अमेरिका और ईरान के बातचीत को लेकर चचाएं हो रही हैं। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि ईरान अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है। हालांकि, ईरान ने इन दावों खारिज करते हुए यह कहा है कि ईरान और अमेरिका के बीच तीसरे पार्टी के जरिए हल्का-फुल्का संदेशों का आदान-प्रदान हुआ।

ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में मध्यस्थों के माध्यम से ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच विभिन्न संदेशों का आदान-प्रदान हुआ है, जबकि पिछले महीने के अंत में देश पर अमेरिकी और इस्राइली हमलों की शुरूआत के बाद से तेहरान ने वाशिंगटन के साथ कोई बातचीत नहीं की है। उन्होंने सरकारी टीवी चैनल आईआरआईबी को दिए एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की।

अराघची ने कहा, ₹कुछ दिनों पहले से अमेरिकी पक्ष विभिन्न मध्यस्थों के माध्यम से अलग-अलग संदेश भेज रहा है। जब मित्र देशों के माध्यम से हमें संदेश भेजे जाते हैं और हम जवाब में अपनी स्थिति स्पष्ट करते हैं या आवश्यक चेतावनी जारी करते हैं तो इसे न तो बातचीत कहा जाता है और न ही संवाद। यह केवल हमारे मित्रों के माध्यम से संदेशों का आदान-प्रदान है, और हमने अपने सैद्धांतिक रुख को दोहराया है।

### अल-मंदाब स्ट्रेट पर कब्जा करने की तैयारी

अमेरिकी मीडिया सीएनएन के अनुसार, हूती ने अमेरिका और ब्रिटेन से जुड़े जहाजों को भी निशाना बनाया है, जिससे दुनिया भर में व्यापार में रुकावट आई है। अमेरिका और दूसरी पश्चिमी नौसेनाएं समुद्र के रास्ते जहाजों को एस्कॉर्ट कर रही हैं, लेकिन अगर हूती बाब अल-मंदाब स्ट्रेट पर कब्जा करने का फैसला करते हैं, तो इससे उनके विकल्प और कम हो सकते हैं।

# इटली की पर्यटन मंत्री का इस्तीफा

**इटली।** इटली में प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सरकार को बड़ा झटका लगा है। देश की पर्यटन मंत्री डेनिएला सैंटांचे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यह फैसला उस समय आया है जब सरकार को न्यायिक सुधारों पर हुए जनमत संग्रह (रेफरेंडम) में हार का सामना करना पड़ा। प्रधानमंत्री मेलोनी ने खुद सैंटांचे से इस्तीफा देने को कहा था। इससे पहले न्याय मंत्रालय के दो अधिकारी भी इस्तीफा दे चुके थे। यह पूरा मामला सरकार की छवि और नेतृत्व पर सवाल खड़े कर रहा है।

डेनिएला सैंटांचे पहले से ही कई कानूनी मामलों में फंसी हुई थीं, जिनमें फर्जी अकाउंटिंग और धोखाधड़ी के आरोप शामिल हैं। 2023 में भी उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन तब वे बच गई थीं। अपने इस्तीफे में सैंटांचे ने कहा कि उन्हें दुख है कि उनका कार्यकाल इस तरह खत्म हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि वे दूसरों की गलतियों का दोष अपने ऊपर नहीं लेना चाहतीं। इस रेफरेंडम में सरकार के प्रस्ताव को जनता ने खारिज कर दिया, जिससे मेलोनी सरकार की मजबूती पर सवाल उठने लगे हैं।

# अमेरिका के सामने गिड़गिड़ाया पाकिस्तान

➪ईरान के अराघची और गालिबाफ के नाम इस्राइल ने हिट लिस्ट से हटाए

**यरूशलम/इस्लामाबाद।** ईरान के नेताओं अब्बास अराघची और मोहम्मद बाकेर गालिबाफ को इस्राइल की हिट लिस्ट से हटाए जाने की बात सामने आई है। हालांकि, द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह नाम केवल चार से पांच दिनों के लिए ही हिट लिस्ट से हटाए गए हैं।

पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। इस्राइल ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची और संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकेर गालिबाफ को अपनी हिट लिस्ट से हटा दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच इसे एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक कदम माना जा रहा है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक इस्राइल की ओर से यह कदम पाकिस्तान की ओर से वॉशिंगटन से की गई एक विशेष अपील के बाद उठाया गया है। पाकिस्तान की ओर से इन दोनों ईरानी अधिकारियों को निशाना न बनाने का अनुरोध किया गया था।

**अमेरिका के सामने गिड़गिड़ाया**



**पाकिस्तान:** रॉयटर्स के एक रिपोर्ट में पाकिस्तानी सूत्र के हवाले से कहा गया है कि इस्राइल इन दोनों शीर्ष ईरानी अधिकारियों के ठिकानों को जानता था और उन्हें खत्म करने की योजना बना रहा था।

पाकिस्तान ने अमेरिका से संपर्क कर इस पर चिंता जताई। पाकिस्तान ने कहा कि अगर ये दोनों अधिकारी मारे जाते हैं, तो ईरान के साथ बातचीत के लिए कोई बचेगा ही नहीं। इस अपील के बाद अमेरिका ने इस्राइल से पीछे हटने का आग्रह किया।

गौरतलब है कि ईरान पर इस्राइल और अमेरिका के हमलों से छिड़े युद्ध को रोकने की लगातार कोशिशें जारी हैं। यह घटनाक्रम इन्हीं प्रयासों के बीच सामने आया है। ईरान और अमेरिका-इस्राइल के बीच पाकिस्तान, मिस्र और तुर्की की ओर से शांति वार्ता में मध्यस्थ की भूमिका निभाने की कोशिशें की जा रही हैं।

# गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

## माँ वैष्णो धाम सपनावत में माता की चौकी का भव्य आयोजन






**सपनावत (हापुड़)।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर हापुड़ के सपनावत स्थित माँ वैष्णो धाम में अष्टमी के दिन भव्य माता की चौकी का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस बार भी मंदिर परिसर को प्रथम नवरात्रि से ही फूल-मालाओं और रंगीन रोशनी से आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

नवरात्रि के दौरान माता रानी के दर्शन के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। अष्टमी के दिन मंदिर सेवा समिति की ओर से आयोजित माता की चौकी में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे माहौल में भक्ति की गूंज सुनाई दी।

कार्यक्रम में विनीत लोकेश एंड पार्टी के साथ वृंदावन धाम से आई खुशबू राधा एवं आगरा के राजू बावरा ने अपने भजनों से ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पूरे आयोजन के दौरान भक्तों ने माता रानी के जयकारों के साथ श्रद्धा और उत्साह का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर माँ वैष्णो धाम सेवा समिति के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता, अध्यक्ष राजीव गुप्ता सहित अभिषेक गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, तुषार गुप्ता, तनुज गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, सुबोध गुप्ता, आदेश गर्ग, राकेश गोयल, तरुण ढींगरा, विकास गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, रोहित गुप्ता, उमेश गर्ग, रश्मि गुप्ता, सीमा गुप्ता, सुरभि गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, तास्विक गुप्ता एवं टियारा गुप्ता समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

पूरे आयोजन में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने नवरात्रि के पर्व को और अधिक भव्य बना दिया।

## डिजिटल अरेस्ट ठगी का पदार्फाश: नोएडा में दो साइबर ठग गिरफ्तार

### सीबीआई जांच के नाम पर 1.29 करोड़ की ठगी, आगरा और भिंड से दबोचे गए आरोपी

**नोएडा।** नोएडा में साइबर अपराधियों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम पुलिस ने आज 2 वांछित साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ठगों ने बीते दिनों एक शख्स को डिजिटल अरेस्ट कर सीबीआई जांच के नाम पर 1.29 करोड़ रुपए से अधिक की रकम की ठगी की थी। इस मामले में दो ठगों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जानकारी के अनुसार थाना साइबर क्राइम पुलिस ने एक शख्स को डिजिटल अरेस्ट कर 1,29,61,962 रुपये की ठगी करने वाले वांछित अभियुक्त नरेन्द्र सिह पुत्र राम सनेही तथा इंद्रेश पुत्र ज्ञान सिंह को जनपद आगरा व जनपद भिन्ड (मप्र) से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 2 मोबाइल फोन बरामद किए गए है। डीसीपी साइबर क्राइम ने ने बताया कि अभियुक्तों ने एक पीड़ित को फर्जी अधिकारी बनकर फोन किया और डराया कि उनके विरुद्ध सीईआई द्वारा जांच की जा रही है। गिरफ्तारी का भय दिखाकर उन्होंने पीड़ित से कुल 1,29,61,962 रुपये की ठगी की।



जिसमें अभियुक्त द्वारा करीब 48.95 लाख रुपये प्राप्त किए गए थे। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पता चला है कि अभियुक्तों के संयुक्त बैंक खातों के विरुद्ध भारत वर्ष में भिन्न-भिन्न राज्यों से 8 शिकायतें (उत्तर प्रदेश-1, कर्नाटक-1, तमिलनाडू-2, दिल्ली-1, गुजरात-1, पश्चिम बंगाल-1 व जम्मू कश्मीर-1) दर्ज है। जिनमें धोखाधडी से सम्बन्धित करीब 2 करोड़ 20 लाख रुपए की धनराशि प्राप्त की गयी है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के 2 साथियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** किस नामित को लेकर खोड़ा के भगवाधारियों के दिल में लगी हुई है आग? वो कह रहे हैं हमें इग्नोर करके बाहरी का पूरा किया है पार्टी ने ख्वाब? कहने वाले ने कहा ये भले ही कुछ बोलें मगर हमें पता चली है नामित की बात? वो कह रहे थे अपने समर्थकों से कि मैं आया नहीं हूं, मुझे बुलाया गया है? विशेष मिशन पर मुझे यहां पर लगाया गया है? समय आने पर सब हो जायेगा स्पष्ट? खुश हो जायेंगे वो चेहरे जो अभी फील कर रहे हैं कष्ट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** योद्धा से नाराज एक भगवा त्यागी जी इन दिनों खूब बना रहे हैं उनके विरोध में माहौल? वो दे रहे हैं संदेश ऊपर वालों को? मैसेज वो करते नहीं आप कैसे सोच रहे हो कि वो कैसे करेंगे कॉल? बार-बार वो इन बातों का ऊपर वालों को करा रहे हैं एहसास कि हमको इग्नोर करके वो सबसे कर रहे हैं बात? सुना है शिकायत की ये भी है एक वजह? कोई जिम्मेदारी नहीं मिलने से त्यागी जी चल रहे हैं नाराज?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आप कर रहे थे भगवा झा के रिस्टार्ट की बात? आप करो यहां पर नदिया पार वाले सुधीर जी का भी जिक्र? जिनकी गाड़ी जहां खड़ी थी वहीं रूकी पड़ी है? उनके खास चेहरे ने भी नहीं की उनकी फिक्र? मंडल से शुरू होकर मंडल पर ही उनकी राजनीति हो गई खत्म? अब दिल ऐसा टूटा है कि सह नहीं पा रहे हैं सितम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वैसे तो देवर और भाभी जी के दिल में है बड़ी-बड़ी राजनीति की आस? वो क्षेत्र में अपने जलवे को नहीं होने देते हैं टस से मस? हम हैरान इस बात पर हैं कि चाहिए उनको बड़े-बड़े टिकट? मगर रैली को लेकर मांगी है दोनों ने सिर्फ एक-एक बस? कहने वाले ने कहा इस एरिया से इन दोनों का जुड़ा है किरदार? वहां से जुटा सकते हैं ये आसानी से भीड़? फिर ना जाने क्यों इन्होंने एक-एक बस पर अपने हाथ खड़े कर दिये हैं यार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमारी थी युवा मोर्चा के दावेदारों पर नजर? कौन कितनी बस लेकर जायेगा हो रहा था इनके सामने इस बात का जिक्र? सुना है यहां पर कोई भी नहीं कर रहा था खुल कर बात? यहां पर हमने देखा क्रान्तिकारी युवा त्यागी ने उठा दिये अपने हाथ? कहा जो भी होगा आपका फरमान? मैं उसको पूरा करूंगा श्रीमान? सामने से आई दो बस ले जाने की आवाज? मुस्कुराकर इस चेहरे ने इस चैलेंज को स्वीकार किया? फिर किसी ने मुस्कुराकर कहा इसलिए है हमको तुम पर नाज?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वो आया मेरे पास और करने लगा अपने मतलब की बात? कहा मोर्चे की टीम का सिरमोर बनने का है मेरा ख्वाब? ये सुनकर सामने वाले ने कहा चिंता मत करो? मैं तुम्हारे अरमानों को नहीं करूंगा खारिज? योद्धा से मेरे अच्छे रिश्ते हैं? उनसे कर दूंगा सिफारिश? इतना सुनकर सामने वाले ने लगा दिये मेरे सिफरिशी शब्दों पर ब्रेक? कहा उनसे कहोगे तो बात बिगड़ जायेगी? किसी और चेहरे से बात करके बनाओ मेरा स्पेस? योद्धा करते हैं मैरिट पर बात? उनके सामने नाम लेते ही खेल हो जायेगा खल्लास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब से बने हैं वो कोषाध्यक्ष? उनके अंदर राजनीति का ज्वार भाटा मार रहा है ऊफान? पता चला है वो अच्छे अच्छों को दे रहे हैं नसीहत कि कैसे करना है काम? सुना है कुछ ऐसी ही वो दे रहे थे वो एक उपाध्यक्ष को हिदायत? उपाध्यक्ष ने एक झटके में दूर कर दी सारी शिकायत? कहा हमको मत सिखाओ आप ये वाला पहाड़ा? हम तब से सिस्टम में हैं जब नाम भी चर्चा में नहीं था तुम्हारा?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अगर ओबीसी चेहरे ने भगवा कमांडर से अपना नाम कोर कमेटी में ना रखवाया होता? सच बता रहे हैं उनका नाम सीन में जरूर आया होता? भले ही अब वो सही चेहरों पर पढ़े अपने शिकायत का पर्चा? मगर उनको अपने भी उन प्रयासों पर खुदसे करनी होगी चर्चा? कहां हुआ है फाउल? इस बात की भी निकालनी होगी उन्हें खोज? यूं कहां तक सबसे नाराज रहेंगे रोज-रोज?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** विधायक जी का है बड़ा ही धार्मिक अंदाज? सुना है उन्होंने हाल ही में जाकर लगाई है शनि मंदिर में अरदास? रहे हैं उनकी अरदास में निशाने पर कई दावेदार? कहने वाले ने कहा जब जब उठता है विरोध का माहौल? वो इसी तरह से ईलाज का बनाते हैं विचार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** योद्धा रखते हैं अपने हर एक साथी का ध्यान? वो करते हैं वरिष्ठता का भी पूरा सम्मान? क्या कर दिया उन्होंने बस वाली लिस्ट से बाहर एक नाम? जैसे ही आया उनका नाम? तो उन्होंने कहा उनकी आयु का करो सम्मान? वो जायेंगे हमारे साथ मगर बस का देखेगा कोई और ही काम?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## ब्रांड की पहचान से खिलवाड़ महंगा पड़ा: समरकूल के नाम पर जालसाजी करने वाली दो फैक्ट्रियां सील




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** देश के प्रतिष्ठित कूलिंग एप्लायंसेज ब्रांड समरकूल की साख के साथ खिलवाड़ करना दो फैक्ट्रियों को भारी पड़ गया। कोर्ट के सख्त रुख के बाद प्रशासन ने ऐसी दो यूनिट्स पर ताला जड़ दिया, जो समरकूल के नाम और लोगो की नकल कर बाजार में ग्राहकों को भ्रमित कर रही थीं।

ब्रांड की चमक का गलत फायदा उठाने की कोशिश गाजियाबाद स्थित समरकूल होम एप्लायंसेज लिमिटेड देशभर में अपनी विश्वसनीयता और गुणवत्ता के लिए जानी जाती है। यही वजह रही कि कुछ कारोबारियों ने इसी पहचान का फायदा उठाने के लिए मिलते-जुलते नाम और लोगो के साथ अपने उत्पाद बाजार में उतार दिए। पहली नजर में यह असली और नकली में फर्क करना आम ग्राहक के लिए मुश्किल था। कोर्ट की सख्ती, प्रशासन की कार्रवाई मामला सामने आने के बाद कोर्ट में याचिका दायर की गई, जहां जांच में साफ हुआ कि यह सीधा-सीधा ट्रेडमार्क और कॉपीराइट का उल्लंघन है।

अदालत ने इसे गंभीर आर्थिक अपराध मानते हुए प्रशासन को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद संबंधित विभाग ने छापेमारी कर दोनों फैक्ट्रियों को सील कर दिया।

ट्रेडमार्क उल्लंघन पर कड़ा संदेश जांच में यह भी सामने आया कि नकली ब्रांडिंग के जरिए ग्राहकों को गुमराह कर मुनाफा कमाया जा रहा था। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ब्रांड की नकल करना न सिर्फ कानूनन अपराध है, बल्कि इससे उपभोक्ताओं का भरोसा भी टूटता है।

### व्यापारियों और ग्राहकों को चेतावनी

प्रशासन ने व्यापारियों को चेताया है कि किसी भी स्थापित ब्रांड की नकल या उससे मिलती-जुलती ब्रांडिंग करना भारी नुकसान का कारण बन सकता है। वहीं ग्राहकों को भी सलाह दी गई है कि वे उत्पाद खरीदते समय ब्रांड की प्रामाणिकता की जांच जरूर करें।

### समरकूल: भरोसे और गुणवत्ता का पर्याय

समरकूल आज देश के प्रमुख कूलिंग एप्लायंसेज ब्रांड्स में गिना जाता है, जिसने वर्षों की मेहनत और गुणवत्ता के दम पर बाजार में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। ऐसे में इस ब्रांड के नाम पर हो रही जालसाजी के खिलाफ यह कार्रवाई न केवल एक कानूनी कदम है, बल्कि पूरे उद्योग के लिए एक सख्त संदेश भी है कि ब्रांड की विश्वसनीयता से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## लोनी बॉर्डर पुलिस ने नकली नोटों का गिरोह पकड़ा

### 1.17 लाख के जाली नोट बरामद, तीन सप्लायर गिरफ्तार

### तिहाड़ जेल से संचालन की आशंका, बांग्लादेश कनेक्शन की भी जांच



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी बॉर्डर थाना पुलिस ने नकली नोटों के बड़े नेटवर्क का पदार्फाश करते हुए तीन सप्लायरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 1,17,000 रुपये के नकली नोट बरामद किए हैं, जो सभी 500 रुपये के हैं। यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुबोध कुमार शाह (46), रोहित (26) और मुन्ना उर्फ हरीश (30) के रूप में हुई है। इनमें सुबोध और रोहित दिल्ली के नब सराय क्षेत्र के निवासी हैं, जबकि मुन्ना नोएडा के सलारपुर का रहने वाला है। एसीपी के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नकली नोट एक ऐसे व्यक्ति से लेते थे, जो खुद को झारखंड का निवासी बताता था और लगातार अपनी लोकेशन बदलता रहता था। इससे उसकी पहचान और ठिकाना पकड़ में नहीं आ पाता था। पुलिस को संदेह है कि इस गिरोह का संचालन दिल्ली की तिहाड़ जेल से किया जा रहा है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि अभी विस्तृत पूछताछ बाकी है और आरोपियों को रिमांड पर लेकर इस पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा।

### बांग्लादेश कनेक्शन की भी जांच

**करंट क्राइम :** जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपियों के तार बांग्लादेश से जुड़े हो सकते हैं। पुलिस इस अंतरराष्ट्रीय कड़ी को लेकर भी सतर्कता से जांच कर रही है। आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्हें 15 हजार रुपये में 50 हजार रुपये के नकली नोट मिलते थे, जिन्हें वे बाजार में चलाकर भारी मुनाफा कमाते थे। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया है कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश कर दिया है। अब रिमांड पर लेकर गिरोह के अन्य सदस्यों और नकली नोटों के स्रोत का पता लगाया जाएगा। पुलिस का कहना है कि नकली नोटों के इस नेटवर्क को जड़ से खत्म करने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

## नामित पार्षद बनने पर पम्मी का सम्मान

### इंद्रजीत सिंह टीटू ने जताई खुशी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी से नामित पार्षद बने सरदार परमजीत पम्मी के सम्मान में एक आत्मीय मुलाकात का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू ने भावुक शब्दों में अपनी शुभकामनाएं और आशीर्वाद व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि सच्चे मन से की गई सेवा और अरदास कभी व्यर्थ नहीं जाती। अगर व्यक्ति ईमानदारी और निष्ठा के साथ समाज और गुरु घर की सेवा करता है, तो परमात्मा एक न एक दिन उसकी अरदास अवश्य सुनता है और उसे आशीर्वाद देता है। पम्मी का नामित पार्षद बनना इसी का जीवंत उदाहरण है। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच पार्षद बनने के बाद पहली बार आमना-सामना हुआ, जो बेहद आत्मीय और भावनात्मक रहा। इस अवसर पर इंद्रजीत सिंह टीटू ने पम्मी का मुंह मीठा कराकर और गुरु घर का सरोपा भेंट कर सम्मान किया।

इंद्रजीत सिंह टीटू ने कहा कि पम्मी लंबे समय से समाज और गुरु घर की सेवा में सक्रिय रहे हैं। उनकी यही सेवा भावना उन्हें इस मुकाम तक लेकर आई है। उन्होंने परमात्मा से प्रार्थना की कि पम्मी को हिम्मत, तंदुरुस्ती और शक्ति प्रदान करे, ताकि वे आगे भी इसी समर्पण के साथ समाज की सेवा करते रहें। यह अवसर केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि सेवा, आस्था और सामाजिक समर्पण का प्रतीक बनकर सामने आया, जिसमें दोनों नेताओं के बीच आपसी स्नेह और सम्मान साफ झलकता दिखा।

## स्मार्ट मीटर से बढ़ी परेशानी: बैलेंस खत्म होते ही कट रही बिजली, उपभोक्ता बेहाल

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शहर में स्मार्ट मीटर व्यवस्था लागू होने के बाद उपभोक्ताओं की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। पोस्टपेड से प्रीपेड प्रणाली में बदलाव, स्पष्ट जानकारी के अभाव और जागरूकता की कमी के कारण लोग असमंजस में हैं। बैलेंस नेगेटिव होते ही बिना पूर्व सूचना बिजली कनेक्शन काट दिया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

नेगेटिव बैलेंस होने के बाद बड़ी संख्या में उपभोक्ता बिजली दफ्तरों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। लोगों का कहना है



कि मीटर तो बदल दिए गए, लेकिन प्रीपेड सिस्टम कैसे काम करता है, इसकी सही जानकारी नहीं दी गई। बैलेंस चेक करने, रिचार्ज करने, अलर्ट सेट करने और यूपीपीसीएल कंज्यूमर ऐप के इस्तेमाल जैसी बुनियादी जानकारियां भी अधिकांश लोगों को नहीं हैं। पहले जहां उपभोक्ता पूरे महीने बिजली उपयोग करने के बाद बिल चुकाते थे, वहीं अब पहले रिचार्ज करना अनिवार्य कर दिया गया है। इस बदलाव को लेकर पर्याप्त जानकारी न मिलने के कारण अचानक बिजली कटने पर ही लोगों को नई व्यवस्था का पता चल रहा है। नेगेटिव बैलेंस ने उपभोक्ताओं को और झटका दिया है। कई लोगों का कहना है कि बकाया खत्म करने के लिए अपेक्षा से अधिक रिचार्ज करना पड़ रहा है। उदाहरण के तौर पर यदि बैलेंस दो हजार रुपये नेगेटिव है, तो उसे ठीक करने के लिए करीब चार हजार रुपये तक रिचार्ज कराना पड़ रहा है।

## जीडीए ने डासना-मसूरी में अवैध कॉलोनियां ढहाई: पांच स्थानों पर 23 हजार वर्ग मीटर में निर्माण ध्वस्त, विरोध के बावजूद कार्रवाई



गाजियाबाद करंट क्राइम। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने मंगलवार को डासना और मसूरी क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों और निमार्णों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। प्रवर्तन जोन-03 के तहत पांच अलग-अलग खसरा नंबरों पर करीब 23 हजार वर्ग मीटर में फैले अवैध निमार्णों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्रवाई जीडीए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल के कड़े रुख के बाद की गई। मंगलवार सुबह प्रवर्तन जोन-03 के प्रभारी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ टीम सबसे पहले ग्राम मसूरी पहुंची। यहां खसरा संख्या-582 में मो. सुभान द्वारा लगभग 3000 वर्ग मीटर में किए गए अवैध निर्माण को ढहाया गया। इसके बाद टीम कुशलिया (डासना) पहुंची, जहां खसरा संख्या-1635 पर पवन चौधरी और मौ. इस्लाम द्वारा करीब 5000 वर्ग मीटर में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। कार्रवाई के दौरान स्थानीय निर्माणकताओं ने टीम का रास्ता रोकने का प्रयास किया और विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि, प्राधिकरण और स्थानीय पुलिस बल ने प्रदर्शनकारियों को हटाकर ध्वस्तीकरण जारी रखा। प्राधिकरण ने अन्य तीन स्थानों पर भी कार्रवाई की। डासना स्टेशन के पीछे रेलवे फाटक रोड पर ललित चौधरी और रविंद्र चौधरी द्वारा लगभग 8000 वर्ग मीटर में काटी जा रही अवैध कॉलोनी ध्वस्त की गई।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## स्कूल में जल संकट खत्म: पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने 10 एचपी पंप का किया उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** क्षेत्रीय पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने महाराजपुर स्थित स्कूल परिसर में 10 एचपी के पंप का उद्घाटन किया। इस पंप के शुरू होने से स्कूल में लंबे समय से बनी पानी की समस्या का समाधान हो गया है। अब छात्रों को स्वच्छ पेयजल सहित अन्य आवश्यक कार्यों के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा। उद्घाटन के अवसर पर पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में किसी भी प्रकार की बुनियादी सुविधा का अभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस 10 एचपी मोटर से स्कूल की जलापूर्ति व्यवस्था और मजबूत होगी, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण मिल सकेगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर लगातार आगे बढ़ाया जाएगा। इस मौके पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रामविलास, नितिन, लकी त्यागी, पुष्पेंद्र सिंह, बहादुर, मोहित सिंह और मिंटू सिंह समेत अन्य लोग शामिल हुए। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे स्कूल के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। पंप के संचालन से स्कूल के बगीचे, शौचालयों और पेयजल व्यवस्था में सुधार होगा। स्कूल प्रशासन और स्थानीय अभिभावकों ने इस कार्य के लिए पार्षद और उनकी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पुलिस ने 11 शातिर बदमाशों को किया गिरफ्तार असलहा, चोरी की बाइक व शराब-गांजा बरामद



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने में जुटी पुलिस ने 11 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से असलहा, चोरी की बाइक व शराब-गांजा सहित अन्य सामान बरामद किया है। थाना जारचा के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना पुलिस ने गोपनीय सूचना की सहायता से कार्यवाही करते हुए अवैध शराब की तस्करी करने वाले 2 अभियुक्त चन्द्रपाल पुत्र प्रसादी तथा जितेन्द्र पुत्र ओमवीर को कलौंदा शमशान घाट तिराहा से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि बदमाशों के कब्जे से 75 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब हरियाणा मार्का व तस्करी में प्रयुक्त होने वाली कार बरामद की है।

थाना सेक्टर-24 के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि एक सूचना का आधार पर थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर सोने का सिक्का, 15 सौ रुपए नकद आदि बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी नशे का आदी है। यह राह चलते लोगों से लूटपाट करता है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने 10 दिन पूर्व नोएडा स्टेडियम के पास एक महिला से सोने की चेन छीनी थी। उन्होंने बताया कि इस बदमाश ने लूटपाट की कई वारदातें करने स्वीकार की है।